CMYK

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 07°C
तापमान

सेंसेक्स 75,311.06
निफ्टी 22,795.90

सोना 89,140
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 22 फरवरी 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 43 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2081 | 23 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### गुजराती काश पटेल बने अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### कोहली ने की कैच पकड़ने में अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## उत्तराखंड में नया भू-कानून बजट सत्र में हुआ पारित

# नया भू-कानून राज्य में भू सुधार के लिए प्रयास : धामी



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्य की भूमि को भू माफियाओं से बचाने और दुरुपयोग रोकने की कोशिश

■ राज्य में अलग-अलग जिलों की परिस्थितियां भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को नया भू-कानून बिल पास कर दिया गया है।

नए भू-कानून पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और डेमोग्राफिक स्थिति, अवैध कब्जों और भू माफियाओं पर अंकुश की आवश्यकता को देखते हुए सशक्त भू कानून लाया जा रहा है। राज्य में लाए जा रहे नए भू कानून को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ये भू कानून एक प्रकार से भू सुधार है और भू प्रबंधन है। ये कोई अंत नहीं है, बल्कि ये शुरुआत है। हम लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास रखने वाले लोग हैं। प्रदेश के बाहर के लोगों द्वारा विभिन्न उद्योगों के नाम पर और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर अन्य प्रयोजनों के लिए जमीन का उपयोग किया जा रहा था। अब सशक्त भू कानून के बाद ऐसे लोगों को सफलता नहीं मिल पाएगी। राज्य बनने के बाद औद्योगिक निवेश और विकास के लिए पैकेज भी दिया गया, जिसके तहत उद्योगों का विकास हुआ इसलिए हम ये भी चाहते हैं कि औद्योगिक विकास भी न रुके और साथ ही राज्य की भूमि का सदुपयोग भी हो। इसके लिए भू-कानून में भू प्रबंधन का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 3461.77 एकड़ वन भूमि को कब्जा हटाने का काम हुआ है। राज्य के -शेष पृष्ठ दो पर

# 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री का दावा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है।



# विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व जरूरी

## पीएम ने भारत मंडपम में 'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने के लिए उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है, जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।

> कहा राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता, आज हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा, यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।



### भागलपुर से किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी कर 22000 करोड़ रुपये की राशि का वितरण करेंगे। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर में 24 फरवरी को देशव्यापी किसान सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

> पुलिस से पूछा- क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना एक आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था।

कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था।



### छत्तीसगढ़ को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ता का यह बयान दर्ज किया कि अदालत के अगले आदेश तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### एक करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन जोया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था, लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग को संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है, लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और एक्स को 36 घंटे में घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था।

### सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख रेख में रखने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। श्रीमती गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल से नियमित चेकिंग के लिए ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार श्रीमती गांधी की गुरुवार सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और शुक्रवार सुबह छुट्टी दे दी गई।

### सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता एक्शन मोड में, लिए 5 बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है।



इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों के कर्मचारियों को दूसरी जगह -शेष पृष्ठ दो पर

1. आतिशी व पूर्व मंत्रियों का पर्सनल स्टाफ हटाया
2. मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच
3. दिल्ली में लागू होगी आयुष्मान भारत योजना
4. कैग की रिपोर्ट होगी पेश
5. महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा जारी रहेगी

**अरविंदर लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे**

# ईडी ने बीबीसी इंडिया पर 3.44 करोड़ का लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एफडीआई नियमों के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दिया गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है। बीबीसी डिजिटल न्यूज मीडिया है, लेकिन कंपनी ने एफडीआई को 100 प्रतिशत बनाए रखा। जबकि सरकार द्वारा 2019 में जारी आदेश के तहत डिजिटल मीडिया में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित की गई थी, जिसे कंपनी ने नजरअंदाज किया। ईडी ने 4 अगस्त 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन डायरेक्टर और वित्त प्रमुख को एक शो-काज नोटिस जारी किया था। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर कुल जुर्माना 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपये का लगाया गया है। इसके अलावा, फेमा 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद हर दिन के लिए 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, दिल्ली के केजी मार्ग स्थित इस इमारत में बीबीसी का ऑफिस है। यहीं पांचवें और छठे फ्लोर पर आईटी ने रेड की थी।

# भारत-पाक सीजफायर बनाए रखने पर सहमत

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर आयोजित ब्रिगेडियर-स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए नए सिरे से संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि हाल ही में सीमा तनाव के मद्देनजर शुक्रवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच ब्रिगेडियर- स्तरीय फ्लैग मीटिंग हुई। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल के लिए 25 फरवरी, 2021 को नए सिरे से किए गए संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं। इस वर्ष पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ है।

حج عمرہ و زیارات
IATA बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटलः 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भारतीय चुनाव में यूएस फंडिंग वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई।

यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डालर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

## चीन के साथ संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति: एस.जयशंकर



**जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करके सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार डा. जयशंकर ने जी-20 विदेश मंत्री बैठक से इतर हुई इस बैठक में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि मुझे खुशी है कि हम शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर मिल सकते हैं। इस तरह की सभाओं ने हमारी बातचीत के लिए एक अवसर प्रदान किया है, तब भी जब हमारे संबंध एक कठिन चरण से गुजर रहे थे। हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि ध्रुवीकृत वैश्विक स्थिति में, हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी 20 को संरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# आशा कार्यकर्ताओं का पारिश्रमिक विडंबना: न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं के पारिश्रमिक में सुधार के मुद्दे को एक 'विडम्बना' बताते हुए कहा है कई बार जो सबसे अधिक योगदान करते हैं उन्हें सबसे कम मिलता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों से इसका समाधान निकालने को कहा है।

न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन शुक्रवार को यहां आशा कार्यकर्ताओं के विषय में आयोग द्वारा आयोजित कोर समूह की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की इस शिकायत का उल्लेख किया कि उनका पारिश्रमिक समाज में उनके योगदान के अनुपात में नहीं है। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि कई बार जो सबसे अधिक योगदान देते हैं, उन्हें सबसे कम मिलता है, जो हाशिए पर पड़े लोगों की देखभाल करते हैं, वे खुद हाशिए पर चले जाते हैं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों और जीवन स्तर में सुधार के लिए ठोस नीति और कार्यान्वयन योग्य उपाय करने का भी आह्वान किया। आयोग



■ केन्द्र और राज्य सरकारों से समाधान निकालने को कहा

के अध्यक्ष ने देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए पिछले 20 वर्षों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इसका विषय था मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशाओं) को सशक्त बनाना: सम्मान के साथ काम करने के अधिकार को सुरक्षित करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के योगदान से नवजात और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया है कि औपचारिक शिक्षा के बिना भी व्यक्तियों को कुशल श्रमिक बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षित लोगों की संख्या बहुत है, लेकिन कुशल श्रमिकों की संख्या कम हो रही है। आशा योजना के माध्यम से इस अंतर को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और न्यूनतम मजदूरी तय करना राज्य का विषय है।

## राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठें और शिक्षा का राजनीतिकरण न करें स्टालिन: प्रधान



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। प्रधान ने स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किए जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा कि किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाए रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है। सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें तथा हमारे छात्रों के सर्वोत्तम हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठें। प्रधान ने पत्र में लिखा है कि यह जरूरी है कि राज्य सरकार राजनीति से ऊपर उठे और ऐसी नीतियों को प्राथमिकता दे, जो हमारे छात्रों को भविष्य के लिए ज्ञान, कौशल और अवसरों से सशक्त बनाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल एक सुधार नहीं है, यह एक परिवर्तनकारी दृष्टि है, जो हमारी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित और मजबूत करते हुए भारत की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों तक बढ़ाने का प्रयास करती है।

# डोलाल्ड ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया

**न्यूयार्क, वार्ता**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन दिन में चौथी बार भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग पर सवाल उठाया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन की तरफ से भारत को दी गई 182 करोड़ रुपए की फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया। ट्रम्प ने कहा कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक स्कीम है। जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं इसकी परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के स्टेट गवर्नर्स की बैठक में शामिल हुए थे। ट्रम्प अमेरिकी शहर मियामी में



सऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव समिट में बोल रहे थे। इससे पहले ट्रम्प ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर

■ कहा- मैं परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी बहुत परेशानियां, तीन दिन में जारी किया चौथा बयान

टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ट्रम्प ने कहा कि ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ दो हजार डालर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजराती पटेल यूएस एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51.49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अमेरिका से निकाले गए 300 अप्रवासी पनामा में कैद

**पनामा।** अमेरिका ने 300 अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा है। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया है। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल हैं। ये लोग अपने देश लौटने को तैयार नहीं हैं। होटल की खिड़कियों से ये लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। कुछ लोग कागजों पर 'हमारी मदद करें' और 'हमें बचाएं' लिखकर खिड़की से दिखा रहे हैं। अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

### वाराणसी में हाईवे पर हादसा, पांच लोगों की मौत

**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर (भेड़हरा) गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह खड़े एक ट्रक में महाकुंभ की तरफ जा रही क्रूजर ओवर टेक करने के दौरान हादसे का शिकार हो गई , जिसमें महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया था। इस बाबत 108 एंबुलेंस के प्रभारी कृष्ण देव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पांच एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थी। क्रूजर में कर्नाटक के रहने वाले 11 लोग सवार थे। इसमें पांच लोग की मौत हुई है। मरने वालों में कर्नाटक के संतोष कुमार, सुनीता, गणेश, शिवकुमार सहित अन्य लोग हैं। कार में कुल 13 लोग सवार थे, जिसमें 7 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रेखा गुप्ता, प्रवेश ने की धनखड़ से शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुकवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां यह जानकारी दी। गुप्ता सुबह उपराष्ट्रपति निवास पहुंची और धनखड़ से मुलाकात की। उनके साथ दिल्ली के लोक निर्माण विकास, संसदीय मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल और गुरुद्वारा चुनाव मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी थे। सचिवालय ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: राहुल

**रायबरेली, वार्ता**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में युवाओं को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि अगर आप रोजगार चाहते हो, तो छोटे व्यापारियों को मजबूत करना होगा। जीएसटी सिस्टम को बदलना होगा, जितनी जीएसटी आप देते हैं उतनी अडाणी देते हैं। मोदी अमेरिका में जाकर कहते है कि मेरा पर्सनल मैटर है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने युवा संवाद के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उस बैंक का दरवाजा आपके लिए खोलना होगा, जो आज बड़े-बड़े लोगों के लिए हो। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार फेल्योर सरकार है, काम करना आता नहीं, उल्टी सीधी बातें करते रहते हैं। दिल्ली की सरकार फेल सरकार है। इसको हटाइये और कांग्रेस की सरकार लाइए। उन्होंने कहा कि दो हिन्दुस्तान है-एक अडाणी, अंबानी



■ कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर जमकर बोला हमला

और एक गरीबों का। आपने जो शादी देखी वो उनका नहीं, आपका पैसा है। दो हिंदुस्तान नहीं चाहिए, आपको डरना नहीं चाहिए, सवाल पूछना चाहिए। रोजगार कब पैदा होंगे, बेरोजगारी कब खत्म होगी।

इससे पहले राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकता की। राहुल गांधी से पार्टी कार्यकर्ताओं की मुलाकात उनके संसदीय आवास भुएमऊ में हुई। उन्हें विभिन्न मुद्दों, खासकर दलितों से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया गया। रायबरेली में कांग्रेस अनुसूचित जाति विंग के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने मुलाकात के बाद कहा कि समुदाय के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से उनके भुएमऊ आवास पर मुलाकात की। गौतम ने बताया कि उन लोगों ने अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित मुद्दों को लेकर बातचीत की।

## आरएसएस-भाजपा को विदेशी एजेंसियों से मिलती है गुप्त सहायता : कांग्रेस

# लोकतंत्र अस्थिर करने को ले रहे मदद

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र को अस्थिर करने और संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रहे हैं और इसके सबूत उसके पास हैं।

पार्टी ने कहा है कि मोदी सरकार अमेरिका की सरकारी एजेंसी यूएसएड द्वारा भारत के चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन देने के मामले को लेकर इस समय जो प्रचार कर रही है, वह वास्तव में असली मुद्दों को भटकाने की उसकी कोशिश है, क्योंकि खुद सत्ता पक्ष से जुड़े लोग प्रदेश की एजेंसियों से सहायता लेते रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस पहले ही भारत में यूएसएड फंडिंग पर श्वेतपत्र की मांग कर चुकी है, यह स्पष्ट कर दें कि हम वैश्विक भागीदारी विकास एजेंसियों, यूएसएड जैसी सहायता तंत्रों को बेईमान नहीं मानते। खेड़ा ने कहा कि भाजपा ही



■ देश में संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा ध्वस्त: पवन खेड़ा

■ पीएम मोदी सुनते रहे ट्रम्प की धमकी

### मोदी की यात्रा के बाद भी नहीं रुक रहा अमेरिका में भारतीयों का अपमान: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद भी वहां भारतीयों का अपमान नहीं रुक रहा है और भारतीय नागरिकों को स्वदेश भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी अमेरिका के नव नियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मित्र बताते हुए उनसे बातचीत कर स्वदेश आ गए हैं, लेकिन उनके लौटने के महज एक सप्ताह बाद वहां से भारतीय नागरिकों को वापस भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है।

सबसे पहले 'डीप स्टेट' की कहानी शुरू की और यूएसएड को बदनाम करना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं कि आरएसएस-भाजपा भारतीय लोकतंत्र को अस्थिर करने और हमारे संविधान को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने यहां आयातित सामानों पर 'जवाबी शुल्क' लगाने और ब्रिक्स समूह को खत्म करने की बात कर रहे थे, तो मोदी मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह हमारे प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी सुनते रहे और चुपचाप स्वदेश वापस आ गए और अब मोदी सरकार कह रही है कि उसे अस्थिर करने के लिए अमेरिका से धन लिया गया है।

### दिल्ली में कांग्रेस की बदौलत जीती भाजपा: मायावती



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवारको कहा कि बसपा पर उंगुली उठाने से पहले उन्हे अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला। इससे पहले रायबरेली के दौरे पर आए गांधी ने बसपा पर प्रहार करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में बसपा भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव में उतरी।

उन्हें नहीं पता कि बसपा अध्यक्ष ने ऐसा क्यों किया। यदि बसपा अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस का साथ दिया होता, तो भाजपा केंद्र की सत्ता में नहीं आती। गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए सुश्री मायावती ने एक्स पर सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए। अतः इस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास सम्बंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है, वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली के चलते चौथे दिन भी टूटा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका की संभावित जवाबी टैरिफ और विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424.90 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 75,311.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,795.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 40,374.02 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत उतरकर 45,856.00 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4060 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2246 में बिकवाली जबकि 1701 में लिवाली हुई, वहीं



113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 37 कंपनियों में गिरावट, जबकि 13 में तेजी रही।

बीएसई में धातु की 1.23 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऑटो 2.60, कमोडिटीज 0.01, सीडी 1.49, ऊर्जा 0.86, एफएमसीजी 0.51, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 0.11, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.19, यूटिलिटीज 0.21, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 0.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, तेल एवं गैस 1.42, पावर 0.31, रियल्टी 1.33, टेक 0.54, सर्विसेज 0.70 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जापान का निक्केई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 3.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.85 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 75,612.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,748.72 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 75,112.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

अंत में पिछले दिवस के 75,735.96 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 56 अंक उतरकर 22,857.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,921.00 अंक के उच्चतम जबकि 22,720.30 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मसूर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट के साथ 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल में 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी



वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नया भू-कानून...**

इतिहास में पहली बार हुआ है कि वन भूमि पर इतना बड़ा कब्जे हटाने का अभियान चलाया है। सरकार ने पिछले दिनों अवैध कब्जे हटाने के अभियान में वन भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का काम किया था, जिससे इकोलॉजी और इकोनॉमी को संरक्षित करने का काम करेगा। देखा गया है कि तमाम लोगों ने जिस प्रयोजन के लिए जमीन खरीदी थी उसका उपयोग उस कार्यो के लिए नहीं किया गया है। राज्य में कृषि एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि क्रय की अनुमति 11 जनपदों में समाप्त कर दी गई है। केवल हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कलेक्टर की बजाए सिर्फ राज्य सरकार के स्तर से ही निर्णय लिया जाएगा। और ये केवल किसी भी व्यक्ति के पक्ष में 12.5 एकड़ के लिए ही अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में आवासीय प्रयोजन के लिए 250 वर्ग मीटर के लिए भी शपथ पत्र देना होगा, शपथ पत्र गलत पाए जाने पर उसको सरकार में निहित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जनपद में औद्योगिक निवेश बड़ी मात्रा में है।

**दिल्ली सीएम....**

नियुक्त किया था उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर सचिवालय पहुंची और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। मीटिंग में खराब सड़कों, पानी और मोहल्ला क्लिनिक को मॉडिफाई करने पर चर्चा हुई। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने पहली कैबिनेट मीटिंग में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने पर मुहर लगाई।

उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे। उन्होंने बताया कि सत्र में 25 फरवरी को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'आप' सरकार की शराब नीति में गड़बड़ी से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तान में मिनी-बस नाले में गिरी, आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शुक्रवार तड़के एक खुले नाले में मिनीबस के गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई ओर अन्य दो घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना पूर्वी पंजाब प्रांत के कसूर जिले में उस समय हुई, जब मिनीबस एक संगीत समूह के सदस्यों को लेकर एक विवाह समारोह से लौट रही थी और अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर नाले में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बचाव टीमें और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य दो को चोटें आई हैं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि वाहन चलाते समय चालक को अचानक से झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पाक में सड़क दुर्घटनाएं एक चिंताजनक मुद्दा बन गई हैं, पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लापरवाही से वाहन चलाना, सड़कों की खराब स्थिति और अपर्याप्त वाहन रखरखाव उच्च दुर्घटना दर के प्राथमिक कारणों में से हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्यार में मिला धोखा तो युवक ने खाया जहर, मौत

## सोशल मीडिया से शुरू हुई थी प्यार की कहानी, मृतक ने मौत से पहले की थी अपनी वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रेमिका से प्यार में धोखा मिलने के बाद आहत प्रेमी ने जहर का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की मौत के बाद उसके परिजन कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी के दरबार मे पहुँचे जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर युवतीं की तलाश शुरू कर दी है वही पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक युवक ने सुसाइट नॉट लिखने और आत्महत्या करने की बात कहने की सोशल मीडिया पर की थी वीडियो वायरल।

भंगेला निवासी एक व्यक्ति के बड़े पुत्र द्वारा जहर का सेवन कर आत्महत्या करने की घटना से उसके परिवार में हड़कंप मच गया आननफानन में युवक के परिजनों ने अमन सिंह को खतौली हाइवे स्तिथ निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत के चलते उसे मेरठ अस्पताल के लिए रैफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना से उसके परिजनों में को. हराम मच गया। बता दे कि उक्त मृतक युवक दिल्ली में नोकरी करता था जहां सोशल मीडिया पर उसका सम्पर्क मध्य प्रदेश निवासी युवतीं से हुआ जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी शुरू हुई। लंबे समय तक चली इस प्रेम कहानी बाद युवतीं उक्त युवक से आये दिन रुपए देने की डिमांड करने लगी जिसमे युवक ने युवतीं को लाखों रुपए भी दिए थे लेकिन उसके बाद भी लगातार युवतीं युवक को ब्लैक मेल भी करने लगी थी और उससे ओर पैसों की डिमांड कर रही थी। जिससे परेशान प्रेमी ने प्यार में धोखा मिलने पर 18 फरवरी की रात जहर का सेवन कर भंगेला गांव में अपने घर पर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का फैसला लेते हुय घटना को अंजाम दे दिया युवक के परिजनों ने उसकी जान बचाने का प्रयास किया लेकिन युवक की जान नही बच पाई। जिसके बाद मृतक युवक के परिजनों ने युवतीं के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुँचे और युवतीं के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने पीड़ित परिवार को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। खतौली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवतीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवतीं की तलाश शुरू कर दी है। वहीं मृतक युवक के परिजनों ने एसएसपी को आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए उनके खिलाफ कडी से कडी कार्रवाई करने और उन्हें इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई।

### बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर प्रेमिका ने प्रेमी को दिया था धोखा

उक्त मृतक युवक ने आत्महत्या करने से पहले अपनी मौत का जिम्मेदार मध्यप्रदेश निवासी युवतीं विदुषी चतुर्वेदी और उसके बॉयफेंड आदेश मिश्रा पर आरोप लगाते हुय फोन के नॉट पेड़ पर लिखे सुसाइट नॉट में बताया था कि उक्त युवतीं विदुषी चतुर्वेदी ने अपने दूसरे प्रेमी मित्र के साथ धोखाधड़ी कर उससे लाखों रूपए हड़पे ओर ब्लैक मेल कर रही थी। जिससे परेशान होकर उसने यह खौफनाक कदम उठाया। यही नही युवक ने अपनी मौत पहले आत्महत्या करने की बात कहते हुय सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल की थी।

### युवक द्वारा फोन के नॉटपेड पर लिखा गया सुसाइड नोट

मैं अमन सिंह पुत्र श्री रोहताश नेवाशी ग्राम भंगेला पोस्ट खतौली जिला मुजफ्फरनगर का रहना वाला हूं। आज मैं अपनी जान लेने जा रहा हूं, और ये सब मैं खुद अपनी मर्जी से नहीं कर रहा हु, विदुषी के करण कर रहा हूं। जिसको मैं अपना सब कुछ मानता था उसने मुझे दोखा दिया, ओर अब कुछ नही है मेरे पास, बहुत पांगल बना लिया, ओर बहुत परेशान कर लिया मुझे अब मेरे पास कोई या रास्ता नहीं बचा, जिसे मैं प्यार कर रहा उसने बस मेरा इस्तमाल किया। वो भी बस पैसे के लिए, अपने काम से मुझसे बात की झूठा प्यार का नाटक किया। मेरी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। आज मैं जा रहा हूं तो बस इस लडकी के कारण जिसने मेरा जीवन खराब किया।

# हड़ताल के चलते नहीं हुई नंगला मदौड़ मामले में सुनवाई

**कोर्ट ने की 25 मार्च की तिथि नियत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते नंगला मंदौड में हुई पंचायत के मामले में भडकाऊ भाषण देने व निजी परिवाद के मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए कोर्ट ने 25 मार्च की तिथि नियत की है।

31 अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। पुलिस की तरफ से भड़काऊ भाषण के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदू, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, साधवी प्राची, श्यामपाल चेयरमैन, मिंटू, योगेश, सचिन, बिट्टु सिखेड़ा, शिव कुमार, वीरेन्द्र प्रमुख समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में वीरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है, जबकि आरोपी शिवकुमार की फाइल अलग कर दी गई थी।

वहीं निजी परिवाद के मामले में सांसद हरेन्द्र मलिक, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत 20 के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण शुक्रवार को एमपीएमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की है।



मुजफ्फरनगर: कचहरी में नए कानून के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# दाल मंडी में मामूली बात पर व्यापारियों में हुई कहासुनी

**इंटरनेट पर वीडियो वायरल, पुलिस ने की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दाल मंडी में स्टूल पर बैठने को लेकर हुए विवाद में दो व्यापारियों में मारपीट हो गई। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

नगर कोतवाली अंतर्गत दाल मंडी में शुक्रवार को स्टूल पर बैठने को लेकर दो व्यापारियों में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दुकान में घुसकर व्यापारी के साथ मारपीट की। इस दौरान वहां लगहे सीसीटीवी कैमरे में मारपीट की घटना कैद हो गई, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। एक मिनट आठ सेकेंड के वीडियो में एक दुकान के बाहर रखे स्टूल पर लाल रंग का कोर्ट पहने व्यक्ति बैठ गया था, जिसके दुकानदार ने उठा दिया था। इस बात को लेकर पहले दोनों में कहासुनी हुई, इसके बाद लाल कोट पहने व्यक्ति के एक साथी के साथ दुक. ानदार के साथ मारपीट कर दी। यह देखकर वहां आसपास के लोगों की भीड जमा हो गई और उन्होंने किसी तरह दोनों में बीच बचाव कराया। पुलिस ने वीडियो प्रसारित होते ही उस पर संज्ञान ले लिया। दोनों पक्ष व्यापारी है। पीडित दुकानदार राजेश की शिकायत पर मंयक मित्तल का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

# सीकरी चौकी इंचार्ज निलंबित

## एसएसपी ने रिश्वत लेने की वीडियो वायरल होने पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सीकरी पुलिस चौकी पर तैनात दारोगा देवपाल सिंह को डीआइजी एवं एसएसपी ने रिश्वत की लेने की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने पर निलंबित कर दिया। इसकी जांच रिपोर्ट सीओ भोपा ने एसएसपी को सौंपी थी। साथ ही पूरे मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं।

शुक्रवार को भोपा थाने की सीकरी चौकी में तैनात दारोगा देवपाल सिंह के रिश्वत लेने की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई थी। जिसे पर डीआइजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश सीओ भोपा को दिए थे। तीन मिनट 16 सेकेंड के वीडियों में पीडिता और दारोगा में बातचीत हो रही है, जिसमें दारोगा रिपोर्ट लगाने के नाम पर पीडित से रुपये मांग रहा है और कोर्ट में मुकदमे की पैरवी करने के लिए कह रहा है। पूरे मामले की जांच करने के बाद सीओ भोपा ने अपनी जांच रिपोर्ट डीआइजी एवं एसएसपी को सौंप दी। डीआइजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर दारोगा देवपाल सिंह को निलंबित कर दिया और विभागीय कार्रवाई के लिए पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि जिस पीडित से दारोगा ने रिश्वत लेते हुए वीडियो में कैद हुआ है। वह पीडित भोपा थानाक्षेत्र के रहमतपुर गांव का रहने वाली है। उसके बेटे की शादी पांच साल पहले बागपत जिले की युवती से हुई थी, जिनसे एक चार साल का बेटा भी है। छह माह पहले वह अपने मायके चली गई थी और महिला ने दहेज उत्पीडन का प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था। यह मामला कोर्ट में भी विचारधीन है, जिसमें 24 फरवरी की तारीख लगी है।

प्रार्थना पत्र की जांच पुलिस चौकी सीकरी पर तैनात दारोगा देवपाल सिंह कर रहे थे। आरोप है कि प्रकरण में दारोगा ने पांच हजार रूपये मांगे और पीडित ने चार हजार दे दिए। जिसकी वीडियों भी उन्होने बना ली थी। जिसमें दारोगा रुपये लेता हुआ दिखाई दे रहा है।

# संशोधन बिल के विरोध में उतरे अधिवक्ता, पट्टी बांधकर निकाली रैली

**बार काउंसिल के आह्वान पर हड़ताल रख किया प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में देश भर में उठ रहे विरोध के स्वर जिला कचहरी में भी सुनाई दिए।

शुक्रवार को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वन पर प्रदेश व्यापारी आंदोलन की कड़ी में बार संघ ने नो वर्क किया और अधिवक्ताओं ने सरकार से ये निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए हाथों पर काली पट्टी बांधकर जुलूस निक. ालते हुए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को भी प्रदेश में अधिवक्ताओं ने इसके विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। आज सवेरे जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा. कुंवर पाल सिंह और महासचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल तथा सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील मित्तल और महासचिव राज सिंह रावत के नेतृत्व में दोनो बार के सदस्य अधिवक्ता एकत्र हुए और हाथों पर काली पट्टी बांधकर कचहरी परिसर में अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। ज्ञापन में मांग की गई है कि अधिवक्ता संशोधन बिल को तत्काल वापस लिया जाये, अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाये, अधिवक्ताओं को दस लाख का मेडिक्लेम और दस लाख का बीमा सुविधा दिया जाये, अधिवक्ताओं के लिए पेंशन योजना चलायी जाये।

### महाकुंभ के चलते 24 फरवरी की यूपी बोर्ड परीक्षा की तिथि बदली

**मुजफ्फरनगर।** महाकुंभ के चलते बोर्ड परीक्षा की तिथि संशोधित कर दी गइ है। जनपद में भेजी गई सूचना में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज के संयुक्त सचिव ने कहा कि 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट की हिन्दी व अन्य वैकल्पिक विषय की परीक्षाओं के लिए 9 मार्च की तिथि प्रस्तावित की गई है।

# ‘नेम प्लेट’ के बाद अब भगवा झंडा शुद्धता की गारंटी

## दिल्ली-देहरादून हाईवे पर वेंडर संचालक व दुकानदार बोले- झंडे बने हिंदू होने की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रतिष्ठानों पर नेम प्लेट लगाने के फरमान से देश भर में चली सियासी हवा रुकने के बाद अब दिल्ली-देहरादन नेशनल पर स्थित दुकानदारों व वेंडरों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर ‘भगवा झंडे’ लगाने के नए ट्रेंड से एक बार फिर तेज हो सकती है।



दरअसल दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 पर अब हिंदुओं ने अपने खादय संस्थानों पर अपनी पहचान बताने के लिए तिरंगे के साथ भगवा झंडा लहराना शुरू कर दिया है। हालांकि ये झंडे दुकानदारों ने अपनी मर्जी से लगाए हैं। इस ‘भगवा झंडा’ की वजह से इन दुक. ानदारों की बिक्री पर असर भी देखने को मिल रहा है। इन दुक. ानदारों का दावा है कि इससे उनके कारोबार में वृद्धि हुई है। दुकानदारों का दावा है कि तिरंगे और भगवा झंडे लगाने से उनकी बिक्री बढ गई है।

हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के लोग जिन्होंने पहले रुकना बंद कर दिया था, वो अब इनके संस्थानों पर रुकने लगे हैं और खरीदारी करते हैं। वो कहते हैं कि श्ये झंडे उनके हिंदू होने की निशानी हैं और बाहरी लोग उन्हें देखकर रुकते हैं और सामान लेते हैं।

इससे उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव पडा है। कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बाहर के लोग मुस्लिम दुकानदारों से सामान खरी. दना पसंद नहीं करते हैं। एक दुक. ानदार के मुताबिक पहले जो भी टूरिस्ट आता था, वह नाम और जाति पूछने के बाद ही गुड खरीदता था। लेकिन जब से भगवा झंडा लगाया है, तब से कोई कुछ नहीं पूछता, आता है और सामान लेकर जाता है। झंडा उनके हिंदू होने की पहचान है। हाइवे पर सामान खरीदने उतरे राजस्थान के एक परिवार ने बताया कि यूपी में यह सुनने में आया था कि मुस्लिम समुदाय के लोग चीजों को अशुद्ध करके बेच रहे हैं।

हिंदू धर्म में विश्वास रखने वाले लोग इन झंडों को देखकर विश्वास करते हैं कि यह दुकान किसी सनातनी और हिन्दू धर्म के व्यक्ति की ही है। उन्हें यह भी विश्वास है कि यहां से खरीदी गई चीजें शुद्धता से मिलेंगी।

# बीमार को गुर्दा देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बीमार महिला को गुर्दा देने के नाम पर एक महिला ने अपने दामाद व चिकित्सक के साथ षड्यंत्र रचकर बीमार महिला के पति से छह लाख से अधिक की नगदी ठग ली है। जब आरोपियों ने गुर्दा व रूपया देने से इंकार किया तो एसएसपी के आदेश पर खालापार कोतवाली में छह लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

खालापार थाना क्षेत्र की योगेंद्रपुरी कालोनी निवासी इनाम इलाही अधिवक्ता हैं। उनकी पुत्रवधू नसीमा पत्नी सुहेल त्यागी वर्ष 2019 से गुर्दे की बीमारी से पीडित है। जिसकी सप्ताह में दो बार डायलिसिस करानी पडती है। अधिवक्ता के अनुसार मेरठ के मंगल पांडेयनगर गढ रोड पर उनका रिश्तेदार दानिश पुत्र युनूस सहारा पैथालाजी लैब संचालक है। मार्च-2024 में दानिश व उसकी सास आशय पत्नी हसरत निवासी किठौर, मेरठ उसके घर पर आए थे। आशय उसकी पुत्रवधू की तहेरी बहन है। महिला आशय ने उसकी पुत्रवधू को एक गुर्दा प्रत्यारोपण करने का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए मेरठ निवासी चिकित्सक डा. वैभव द्वारा प्रत्यारोपण का प्लान समझने का झांसा दिया। आरोप है कि डा. वैभव, लैब संचालक दानिश, महिला आशय और चिकित्सक की जूनियर असिस्टेंट महिला ने गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए लगभग तीस लाख रुपये का खर्च बताया। साथ ही दस लाख रुपये बतौर एडवांस देने की बात रखी। इस पर अधिवक्ता ने तीन लाख रुपये नकद दिए, जबकि 20 हजार खाते में भेजे गए थे। इसके बाद 10 अगस्त-2024 को उसकी पुत्रवधू नसीमा को मेरठ बुलाकर डा. रोहित कुमार गेटवेल क्लीनिक, मेरठ तथा दानिश के भाई आरिफ ने एक लाख रुपये लेकर पर्चा बनवाकर मरीज नसीमा की चिकित्सकीय जांच कराई। लगभग सवा छह लाख रुपये आरोपितों ने लिए थे।

उसके बाद निरंतर गुर्दा प्रत्यारोपण करने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है। 16 जनवरी-2025 गुर्दा प्रत्यारोपण करने की मांग रखी तो आरोपित गायब हो गए। अधिवक्ता इनाम इलाही ने दानिश, डॉ. आरिफ पुत्र युनूस निवासी सहारा पैथालाजी लैब, मंगल पांडेयनगर, गढ रोड मेरठ, दानिश की सास आशय पत्नी हसरत निवासी किठौर, थाना किठौर, मेरठ, डा. वैभव निवासी मेरठ, उसकी अज्ञात महिला असिस्टेंट, डा. रोहित निवासी गेटवेल क्लीनिक, गुरुद्वारा रोड निकट जनता हास्पिटल, मेरठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।



मुजफ्फरनगर: जेल में बंदियों को त्रिवेणी संगम का जल वितरित करते अधिकारी।

# जेल में बंदियों ने किया अमृत स्नान

## जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी की मौजूदगी में की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जेल प्रशासन द्वारा जेल में ही त्रिवेणी का संगम जल मंगवाकर बंदियों को महाकुंभ के पतित पावन स्नान को देखते हुए जेल में ही गंगा जल वितरित किया गया। महाकुंभ का पावन जल पाकर जेल के बंदी अपने में खुशी महसूस करते दिखे। महाकुंभ का गंगा जल पाकर उन्होने जेल अधिकारियों व प्रदेश की योगी सरकार के जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान बंदी कतार में खड़े हो गए और जल लेकर खुशी से स्नान किया। बता दे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कारागार विभाग कैबिनेट मंत्री दारासिंह चौहान व कारागार मुख्यालय लखनऊ के निदेशानुसार महाकुंभ के पावन पर्व पर त्रिवेणी संगम प्रयागराज से प्रदेश की सभी जेलों में पवित्र जल भिजवाया गया। यह परंपरा पहली बार शुरू की गई है।

जनपद में लाए गए पवित्र त्रिवेणी के गंगाजल से जिला कारागार में शुक्रवार को धर्म मय का माहौल दिखाई पड़ा। जेल परिसर में पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की गई। इसके बाद हर-हर गंगे के उदघोष के साथ कारागार की सभी बैरिको के आहते में बंदी द्वारा त्रिवेणी के पावन जल से स्नान किया। इस दौरान भावुक हुए बंदियों ने अपने भविष्य के जीवन में अच्छा करने का संकल्प लिया। महाकुंभ के पर्व पर पवित्र गंगाजल से स्नान कर कारागार में बंद बंदी काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, जेलर राजेश कुमार सिंह, डिप्टी जेलर जयशंकर प्रसाद, दीपक सिंह, यशकेन्द्र यादव, हेमराज सिंह उपस्थित रहे।

### रामपुर तिराहा कांड में नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराहा कांड से जुडे सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में कोर्ट में अधिवक्ताओं की हडताल के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला 29 साल पुराना है और आंदोलनकारियों की मौत के बाद यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। एक अक्टूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। टकराव होने पर पुलिस ने आंदोलनकारियों पर फायरिंग कर दी। पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गयी थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड व दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए गए थे। रामपुर तिराहाकांड से जुडे सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले की सुनवाई पोक्सो एक्ट कोर्ट नम्बर 2 में चल रही है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं की हडताल के चलते मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तिथि नियत की गयी है।

### ईवीएम में छिपा है भाजपा की जीत का राज: राइन

**मुजफ्फरनगर।** बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी शमशुदीन राइन ने कहा कि भाजपा की जीत का राज ईवीएम में छिपा है।उन्होंने भाजपा और सपा पर देश और प्रदेश का सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग समाज को लड़ाने की राजनीति कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। बसपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए भाजपा सामाजिक गठजोड़ के खिलाफ साजिश रच रही है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में बसपा ही यूपी में सत्ता हासिल करेगी। शुक्रवार को महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधयक्ष सतीश गौतम ने उनका स्वागत किया। इस दौरान शमशुदीन राइन ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में बताया कि पार्टी में कैडर कैम्प कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि बसपा ने हमेशा ही भाईचारे को मजबूत किया है। राइन ने वर्तमान में उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गठबंधन के बजाये सामाजिक गठबंधन को ज्यादा आवश्यक बताते हुए कहा कि पार्टी अध्यक्ष मायावती का यही संदेश लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं। राइन ने कहा कि भाजपा केवल ईवीएम की ताकत से जीत रही है। जनता में यह खुली बहस हो रही है।

# रवीना ने कब्जाई वेबसाइट चैंपियनशिप



**चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग कॉलेज में जीता पुरस्कार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएस पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा रवीना मित्तल ने चंडीगढ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मे वेबसाइट चौंपियनशिप 2024 में दूसरा स्थान हासिल कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। चंडीगढ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चंडीगढ के प्राचार्य डा एमएस गुजराल एवं विभागाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र सिंह ने रवीना मित्तल को एक समारोह में ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हाल ही में एक इंटरनेशनल पत्रिका :आई जी आई ग्लोबल' मे रवीना मित्तल का लेख एडवांस टेक्निक्स एंड बेस्ट प्रैक्टिस फोर फिशिंग डिटेक्शन टॉपिक पर प्रकाशित हुआ है।

रवीना मित्तल ने कक्षा 10 और कक्षा 12 की सीबीएसई परीक्षा में जनपद में दूसरा स्थान पाया था। डीएस पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर के प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने अपने विद्यालय की होनहार छात्रा रवीना मित्तल के चंडीगढ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चंडीगढ में वेबसाइट चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर पुरस्कार जीतने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ये विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है।



# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में कैफेटेरिया का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में गृहविज्ञान संकाय द्वारा ष्कैफेटेरियाश का आयोजन किया गया। जिसमें गृहविज्ञान संकाय की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाये। कैफेटेरिया का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल, डा0 संदीप मित्तल, डा. रेणु गर्ग, मंजू मल्होत्रा, डा. नवनीत वर्मा (डीन) एवं गृह विज्ञान संकाय की शिक्षिका शिवांगी वशिष्ठ, श्रीमति नीलू राठी, पिंकी पाल, शिवांगी पुण्डीर द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कैफैटेरिया के अन्तर्गत कुल छः स्टाल लगाये गये जिसमें पानी-पूरी, पावभाजी, छोले-कुलचे, चाउमीन, मोमोज एवं दही - भल्ला, पापडी चाट आदि शामिल रहे। व्यंजन बनाने में मुख्य रूप से एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) की छात्राएं मुस्कान, राखी, नाहिद, मन्तशा, ग्रेसी, अंजली, सना, दीपल, टिंकल, रितू, मनीषा, अनन्या, विशाखा, रश्मि, रूबी, साक्षी, आंचल, वैष्णवी, स्नेहा, वंशिका, मोनिका, आरजू व कल्याणी आदि रही।महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने कहा कि यह आयोजन छात्राओं के पाठ्यक्रम का हिस्सा है व इससे उनमें स्वालम्बन की भावना उत्पनन होती है जो आगे चलकर उनके सम्पूर्ण विकास में सहायक सिद्ध होगी। उन्होने कहा कि भोजन का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। कहा जाता है, अगर आप अच्छा खाते हैं तो आपकी सोच भी अच्छी होती है। यानि आपका विकास भोजन पर आधरित है।महाविद्यालय के डीन डा. नवनीत वर्मा ने बताया कि इस आयोजन में सभी छात्राओं ने संयुक्त रूप से सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया साथ उन्होने कहा कि इससे छात्राओं में उद्यमिता की भावना उत्पन्न होगी। जो उनके आर्थिक और सामाजिक उत्थान में सहायक है।

## लिप्टिस के पेड़ पर चढ़े तेन्दुए ने फैलाई दहशत

**मोरना।** मोरना के जंगल मे तेंदुए की आमद से किसानो मे दहशत फैल गयी। पेड़ पर चढ़े बैठे तेन्दुए की सूचना वन विभाग को दी गयी। वन विभाग की टीम के पहुंचने के पूर्व तेंदुआ वहां से फरार हो गया। ग्रामीणों ने तेन्दुए को पकड़ने की गुहार प्रशासन से लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी अनिल कुमार ने बताया की गुरुवार की शाम उसका भाई नरेन्द्र मोरना व दरियाबाद गांव की सीमा पर जंगल मे स्थित अपने खेत मे गन्ने की छिलाई का कार्य कर रहा था अन्य व्यक्ति भी इस कार्य मे जुटे हुए थे की अचानक एक तेंदुआ वहां आया ओर लिपटिस के पेड़ पर चढ़ गया। जिसे देखकर सभी डर गये।नरेंद्र ने अपने भाई अनिल को इसकी जानकारी दी। अनिल ने ग्राम प्रधान सर्वेन्द्र राठी को सूचना दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के दरोगा नन्द किशोर शर्मा व अमित कुमार ने मौके का निरिक्षण किया। नन्द किशोर शर्मा ने बताया की लिपटिस के पेड़ पर तेन्दुए जैसे जानवर के फुट मार्क मिले हैं।सेंचुरी क्षेत्र जंगली जानवरो के लिए सुरक्षित किया गया है। जो सम्भव उपाय होंगे किये जाएंगे।वहीं जंगल मे तेन्दुए की उपस्थिति को लेकर किसानो मे भय व्याप्त है। किसानो ने तेन्दुए को पकड़वाने की गुहार लगाई है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे से मुजफ्फरनगर को जोड़ने पर मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे को मुजफ्फरनगर होते हुए हरिद्वार तक विस्तार देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया, जिसमें प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और मुजफ्फरनगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने इस विस्तार की मांग रखी थी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के बजट 2025-26 में 50 करोड रुपये की अग्रिम राशि आवंटित की गई है, जिससे सर्वेक्षण और प्रारंभिक कार्यों को गति मिलेगी।

### कैसे आई परियोजना में गति?

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि गत माह प्रयागराज महाकुंभ संकुल में आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष यह मांग रखी कि गंगा एक्सप्रेसवे को मुजफ्फरनगर होते हुए हरिद्वार तक विस्तारित किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल सर्वेक्षण के निर्देश दिए थे, जिसके बाद अब इसे बजट में स्वीकृति मिल गई है।

### यात्रा और व्यापार को मिलेगा लाभ

गंगा एक्सप्रेसवे का यह विस्तार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच बेहतर सडक संपर्क स्थापित करेगा, जिससे यातायात सुगम होगा और औद्योगिक तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा। हरिद्वार धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर होने के साथ-साथ पर्यटन और व्यापार का केंद्र भी है। ऐसे में इस परियोजना



से उत्तराखंड के व्यापारिक केंद्रों को यूपी के औद्योगिक क्षेत्रों से जोडने में मदद मिलेगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अल्प समय में यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिससे न केवल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच यात्रा सुविधाजनक होगी, बल्कि व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री इस निर्णय के लिए बधाई के पात्र हैं।इसके लिए श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को शॉली ओढाकर उनका आभार जताया।

## अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के नगर अध्यक्ष अभिषेक बने

**खतौली।** अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन (पंजी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल के अनुमोदन एवं उत्तर प्रदेश महामंत्री श्रवण अग्रवाल की संस्तुति पर मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता द्वारा अभिषेक गोयल एडवोकेट को समाज के प्रति उनकी संघर्षशीलता, कर्तव्यनिष्ठा व लगन को देखते हुए अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन द्धपंजी.ऋ का नगर अध्यक्ष खतौली मनोनीत किया गया हैं। इस अवसर पर वैश्य समाज के लोगों ने अभिषेक गोयल को नगर अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष कपिल कुमार गुप्ता ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष को संगठन का विस्तार करते हुए जल्द खतौली की कार्यकारणी बनाने का आग्रह किया है।नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष का आभार



प्रकट करते हुए कहां आपने मुझ पर विश्वास दिखाते हुए जो ये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है मै बड़ी लगन, मेहनत और ईमानदारी से इसका निर्वहन करूंगा और समाज के हितों का ध्यान रखते हुए वैश्य समाज को एकजुट करने का प्रयास करूंगा।

## अधिवक्ताओं की आजादी छीनने वाले 'काले विधेयक को वापस लो' के लगे नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इंडस्ट्रियल लॉ रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 को अभिलंब वापस लिया जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले दिनों भारत सरकार एडवोकेट्स संशोधन बिल 2025 लेकर आई है। इस बिल के माध्यम से सरकार भारतवर्ष के 27 लाख अधिवक्ताओं के अधिकारों और व्यवसाय पर मनमाना कुठाराघात करने पर आमादा हो गई है। भारत सरकार इस विधेयक के माध्यम से वकीलों द्वारा अन्याय के




खिलाफ उठाए जाने वाली, आजाद आवाज को छीन लेना चाहती है।

अब वकीलों पर हर्जाना जुर्माना लगाया जाएगा। सरकारी जोर जबरदस्ती का विरोध करने से वकीलों को रोका जाएगा, वकीलों की स्वायत्त संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया में सरकारी हस्तक्षेप किया जाएगा। सरकार वकीलों पर नियंत्रण करना चाहती है, उन्हें अपना गुलाम और नौकर बनाने पर उतारू हो गई है। सरकार वकीलों के जायज विरोध की आवाज को बंद कर देना चाहती है। इस काले विधेयक के खिलाफ उत्तर प्रदेश के समस्त न्यायालय शुक्रवार को बंद हैं। यहां तक की इलाहाबाद उच्च न्यायालय भी आज बंद है। वे सब इस कल विधेयक को तुरंत वापस करने की मांग कर रहे हैं और दिल्ली की अदालतें तो पिछले 5 दिन से लगातार बंद चल रही है। वकीलों द्वारा सरकार लगातार मांग करने के बावजूद भी ऑफिसर ऑफ द कोर्ट यानी अधिवक्ताओं को कोई सुविधाएं नहीं दी गई हैं। जूनियर स्टाइपेंड, चैंबर, मेडिकल बीमा, अधिवक्ता पेंशन की कोई सुविधा नहीं है।

## बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** कामरेड आरपी शर्मा, मंत्री यूपी बैंक इम्पलाइज यूनियन ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की विभिन्न मांगो को लेकर बैंक अधिकारी व कर्मचारी संघर्षरत है। कामरेड अशोक कुमार शर्मा मंत्री पीएनबी प्रोग्रेसिव इम्प्लाइज एसोसिएशन व कामरेड गौरव किशोर सहायक महामंत्री, ऑफिसर एसोसएशन ने बताया कि उनकी पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग पिछले काफी समय से लम्बित है। स्टाफ वेलफेयर स्कीम ऑफर टैक्स काटना ड्यूटी के दौरान कर्मचारिों की सुरक्षा, ग्रेच्यूटी की सीमा 25 लाख तक बढ़ाना आदि है। यूनियन ने 25 व 24 मार्च को दो दिवसीय हड़ताल का निर्णय लिया है।

## राजपुर छाजपुर व दुर्गनपुर हरियाखेडा में पड़े ओले

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर व दुर्गनपुर हरियाखेडा में बीती बृहस्पतिवार की देर रात बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से लोगों को फिर से ठंड का सामना करना पड़ा। हल्की फुल्की ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलों को वैसे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। गेहूं की फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान होने की संभावना किसानों को बन गयी थी लेकिन कम ओलावृष्टी हुई तो किसानों ने काफी हद तक राहत महसूस की। ओलावृष्टि और बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया है। गांव राजपुर छाजपुर के विपिन कुमार और सुनील कश्यप आदि ने बताया कि उनके गांव में तेज बारिश के साथ साथ ओलावृष्टि भी हुई है। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होती रही हालांकि दिन निकलने से पहले ही बारिश थम गयी। इससे पहले आकाश में बिजली कड़कड़ाती रही और ठंडी हवाएं चली। उसके बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरु हुई और छोटे छोटे ओले भी पड़े। आज सुबह धूप हुई तो दोपहर के समय दिन गर्म सा महसूस हुआ। उन्होंने बताया कि फिलहाल तो क्षेत्र में ओलावृष्टि से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नही है।

## मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप के विजेताओं का पुरस्कार वितरण

**मुजफ्फरनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर में मार्शल आर्ट चैम्पियनशिप 2024-25 प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ को दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ अतिथियों जिला युवा कल्याण अधिकारी विशाल कुमार, महामंडलेश्वर पं0 संजीव शंकर, डॉ0 राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति, डॉ0 रणवीर सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इ0का0 कम्हेडा, धानपाल सिंह, अशोक कुमार चैयरमेन, सुभाष प्रजापति, डॉ0 मुनेश कुमार, डॉ0 प्रदीप कुमार, कृष्णपाल सिंह, नीरज गौतम पूर्व प्रधान जडौदा, मार्शल आर्ट कोच राखी सूर्यदेव तथा प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग




किया। प्रतियोगिता में छात्र तथा छात्राओं ने मार्शल आर्ट में अपनी प्रतिभा का बडा ही सुन्दर प्रदर्शन किया। इनमें से लगभग 125 प्रतिभागियों ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कर्ष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। ?ताइक्वाण्डो सबजूनियर सब-जूनियर भार वर्ग में छात्र-छात्रा अलीना, मानवी, अवनी, शिवांश शुक्रालिया, हेमन्त, उज्जवल ने गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया व काव्या, आरूषी, वैष्णवी, नक्ष, वंश, अब्दुल समद, अक्षित ने सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। जूनियर भार वर्ग में छात्र व छात्राओं वंशिका, अक्षिता, सोनाक्षी, हरि, रिहान, वंश, तालिब राव ने गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया। सिल्वर मेडल के लिए अवनी, विनायका, अनन्या, नक्ष, आतिफ, मौ0 असद ने अपना उच्च प्रदर्शन कर मेडल प्राप्त किया।

## परीक्षा कराने वाले कक्ष निरीक्षकों की हुई सभा

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना मे स्थित भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज में शुक्रवार के दिन एक बहुत ही आवश्यक सभा का सफल आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 24 फरवरी से कालेज परिसर मे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को सम्पन्न कराने वाले परिषदीय परीक्षा वर्ष 2025 के कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति देखने को मिली। जिसमें सबको कालेज के प्रधानाचार्य आरपी लाल द्वारा परीक्षा के प्रति निर्देशित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज होगी साथ ही उनका पूरा विवरण भी पोर्टल पर अपलोड होगा। परीक्षा के सफल एवं शुचितापूर्ण संच. ालन के लिए अब जो भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं उनका शत-प्रतिशत अनुपालन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिशा निर्देशों को लेकर असमंजस है तो पूछ लें ताकि परीक्षा संबंधी कार्य सफलतापूर्वक संचालित हो सके। यहां पर प्रवक्ता कमल कान्त, पीके हेमन्त कुमार, दिनेश कुमार, दीपा देवी, जय सिंह यादव, सहायक अध्यापक विजय कुमार, सुशील कुमार, शिव प्रकाश, जोगिंदर शर्मा, दामिनी सैंगर, विभा व नेहा कक्ष निरीक्षक रहे।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा

**छपार।** दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट के फरार आरोपी को पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

गांव कासमपुर निवासी मुंतजिर ने एक अनुसूचित जाति की युवती के साथ 15 फरवरी को जंगल में जबरन दुष्कर्म किया ओर वीडियो वायरल की थी। परिजनो को पता चलने पर उन्होंने आरोपी के विरुद्ध थाने में दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी आरोपी तब से ही फरार था। युवती का पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराया ओर ब्यान दर्ज किये। शुक्रवार को पुलिस छपार - बसेड़ा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी उसी वक्त आरोपी वहां से गुजरा तो पुलिस ने रोककर पूछताछ की उसने नाम बताया तो पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया।

## पानी की टंकी पर चढकर शराबी ने किया हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी स्थित एक शराबी पानी की टंकी पर चढ कर शोर मचाने लगा, जिसका वीडियो बनाकर स्थानीय लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। कूकडा मंडी में पानी की टंकी है, जिस पर शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति चढ गया। उक्त व्यक्ति की वीडियो बनाकर किसी ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी। बताया जा रहा है कि पानी की टंकी पर चढघे व्यक्ति शराबी किस्म का है, जो अक्सर इस तरह की हरकते करता रहता है। नई मंडी कोतवाली पुलिस इस तरह की घटना की जानकारी होने से इन्कार किया है।

## आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल की हुई बैठक

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का शुक्रवार के दिन कुनबा बढ़ता हुआ दिखाई दिया। बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव शिकारपुर मे आज जुमा की नमाज के बाद गांव शिकारपुर में आसिफ अली के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें जिला पंचायत चुनाव के बारे में बात की गयी ओर आने वाले दिनों में पार्टी के प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी को मजबूत करने पर बात की गयी। इस मीटिंग में आसिफ अली को शाहपुर का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारूकी, जिला मुख्य महासचिव मौलाना माजिद राणा, जिला संयुक्त सचिव हैदर अली, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अब्दुल वहाब सिद्दीकी, कारी फैजान राणा, शिकारपुर ग्राम अध्यक्ष परवेज़ मलिक ओर बुढ़ाना वार्ड सेक्टर अध्यक्ष कादिर सिद्दीकी सहित ओर भी काफी लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता नहीं करेंगे काला कानून बर्दाश्त : इनाम इलाही





**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ अधिवक्ता इनाम इलामी एडवोकेट व वकार अहमद एडवोकेट ने प्रस्तावित अधिवक्ता एक्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये बिल एडवोकेट एक्ट 1961 के अंदर भारी बदलाव लाने के संबंध में सरकार द्वारा किया गया है जो भी लागू किए जाने के लिए प्रस्तावित है जिस पर सुझाव मांगे गए हैंयह प्रस्तावित अमेंडमेंट बिल 2025 जिसे कानून काला कानून कहा जाना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी इस बिल के माध्यम से सरकार संपूर्ण भारत के अधिवक्ताओं के प्रोफेशन पर कुठाराघात करके उनकी स्वतंत्रता को छीनना चाहती है क्योंकि केवल अधिवक्ता समाज ही एक ऐसा समाज है जो दबे कुछले व कमजोर वर्ग की आवाज उठाने के साथ-साथ प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाने का काम करता रहता है सरकार प्रत्येक संस्था को अपने कब्जे में ले रही है ताकि प्रत्येक संस्थाएं सरकार का तोता बनाकर काम कर सके परंतु अधिवक्ता समाज एक ऐसा समाज है जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज आजादी से लेकर आज तक उठाता आ रहा है।

## कलांगन चित्र प्रदर्शनी से जुड़ रहे हैं कला प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कलांगन सेवा ट्रस्ट द्वारा डॉ पीसी बरूआ आर्ट गैलरी, चित्रकला विभाग, डीएवी डीग्री कॉलेज में आयोजित भव्य चित्र प्रदर्शनी में आज तीसरे दिन भी अनेकों दर्शक प्रदर्शनी का अवलोकन करते रहे।

प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय चित्रकार राम विरंजन की मानव मन के अन्तर्द्वन्द्व पर आधारित चित्र आकर्षण का केंद्र रहा, दिल्ली के प्रख्यात मूर्तिकार व चित्रकार सुरेश कुमार की पेंटिंग ने सबका मन मोह लिया।

राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लोक कला के चितेरे डॉ रामशब्द सिंह की कलाख्रति बनारस के घाट आकर्षण का केंद्र रही, एस डी कॉलेज के चित्रकला विभाग के अध्यक्ष डॉ बसंत कुमार के बनाया अमूर्त चित्र अपने गहरे मनोभावों को लेकर चर्चा में रहा। डी ए वी डिग्री कॉलेज के कला विषय के



छात्रों द्वारा भी विभिन्न माध्यमों जैसे मिक्स मीडिया, पेंसिल, चारकोल, एक्रेलिक एवं तेल आदि में बनाए गए चित्र दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। गैलरी के निदेशक प्रोफेसर वेदपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को जनपद के विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थियों के प्रदर्शनी अवलोकन की जानक. ारी प्राप्त हुई है। डी ए वी कॉलेज प्राचार्या प्रोफेसर गरिमा जैन ने बताया कि महाविद्यालय में 21 फ़रवरी से यूथ वीक 'उल्लास' का आरंभ हो रहा है जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों का प्रतिभाग रहेगा, इन दिनों में कला प्रदर्शनी भी दर्शकों के अवलोकन हेतु खुली रहेगी।

## जेई पर अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** जिले में तैनात विद्युत विभाग के मीमलाना रोड अवर अभियंता (जेई) अनिल कुमार पर गंभीर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के जिला अध्यक्ष चौं,जीशान सिद्दीकी ने जेई के खिलाफ राजस्व को नुकसान पहुंचाने और उपभोक्ताओं से अवैध रूप से धन उगाही करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इनके द्वारा 2 लाख से 50 हजार के कनेक्शन विछेदीत कराकर व उन उपभोक्ता से आधे पैसे लेकर दुसरे के नाम पर नया कनेक्शन देने का कार्य किया जा रहा है

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**छपार।** सिसोना के पास हाइवे पर पानीपत फ्लाई ओवर के निकट एक बाइक में स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गये। चालक कार सहित फरार हो गया। पुलिस ने दोनों घायलों को ऐम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। गांव छपार निवासी जुल्फकार व थाना देवबंद के गांव अम्बहेटा शेखा निवासी साहिब शुक्रवार को बाइक से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। जब वे हाइवे पर सिसोना के पास पानीपत हाइवे के फ्लाई ओवर ने निकट पीछे से तेजगति से आई स्विफ्ट डिजायर ने जोर से टक्कर मार दी जिससे बाइक राजबाहे में गिर गई । दोनों युवक गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चालक कार सहित फरार हो गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपाईयों ने सैनिक को दी श्रद्धांजलि

**मोरना।** थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी के मौहल्ला कुआंपटी निवासी 28 वर्षीय प्रशांत पाल 2021 में सशस्त्र सीमा बल में सैनिक के रूप में भर्ती हुआ थे । वर्तमान में प्रशांत पाल की तैनाती लखीमपुर जनपद के पलिया में थी। आगामी 25 फरवरी को प्रशांत की बारात सरधना में जानी थी।बीते बुधवार की दोपहर प्रशांत की भोकरहेडी बसेडा मार्ग पर सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी।शुक्रवार की सुबह आयोजित शोक सभा मे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित कर मृतक जवान के पिता सत्यपाल सिंह, माता रोशनी देवी, भाई विशांत पाल, ताऊ सतवीर पाल, दादा मामचंद पाल और सुखवीर पाल से मिलक उन्हें ढांढस बँधाई।इस दौरान जिला संयोजक सांस्खृतिक प्रकोष्ठ भाजपा पं. रामकुमार शर्मा,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चौ. ब्रजवीर सिंह,मनोज कुमार,विपुल सहरावत, रविन्द्र ककरौली,कंवरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना में शुक्रवार के दिन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने विघभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए। जिसमें स्वयंसेवक जोनी कुमार सैनी ने कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के समाज में बेटा बेटी एक समान हैं। हमें घ्बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। इस मौके पर स्वयंसेवकों ने यहां अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस भी मनाया। कार्यक्रम अघ्धिकारी जोनी कुमार ने स्वयंसेवकों को बताया घ्कि 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार, अमित कुमार व निघधि स्वामी सहित दर्जनों स्वयंसेवकों की उपस्थिति देखने को मिली।

### सूचना

मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र संख्या-(B:2020:9-00977-0 00894) में दिनांक 14.12.2020 में गलती से नाम ईशाना कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम ईशान चौधरी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवदेक: अनिल कुमार पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम पचैण्डा कला मुजफ्फरनगर।**

## किसानों के लिए बेकार है योगी सरकार का बजट : चंदन त्यागी

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) कि एक सभा गांव रई मे चंदन त्यागी के आवास पर हुई जहा भाकियू (तोमर)के युवा जिला प्रवक्ता चंदन त्यागी ने नाराजगी जताते हुए कहा है भाजपा सरकार द्वारा ना ही तो किसान बजट मे कुछ किसानो के हित नही दिया और अब ना ही किसानो के गन्ने के भाव मे कोई भी बढ़ोतरी नही हुई है जिसके चलते किसानो मे भारी रोष है चंदन त्यागी ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया है कि 24 फरवरी को संगठन किसानो कि समस्याओं को लेकर रोहाना शुगर मील के डिस्टरली पर धरना करेगा चन्दन त्यागी ने बताया है कि रोहाना शुगर मील ने अभी तक किसानो के गन्ने कि पर्ची पर भी गन्ने का भाव नही डाला है और रोहाना शुगर मील द्वारा जो नये वार्ड बने है जिसमे नीचे ईट भी नही बीछवायी जिसके चलते किसानो को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है और शुगर मील मे घटतौली और कटतौली पूर्ण रुप



से बंद करायी जायी और रोहाना आई पी एल के आस पास काफी गांवो मे हाई डिस्टरली के गन्दे पानी के की वजह से किसानो को घातक बीमारियों का सामना करना पड रहा है इसमे तत्काल प्रभाव से समाधान कराया जाऐ रोहाना शुगर मील द्वारा मीनी पर्ची व बडी पर्ची का हाडा 5 क्विटल का हटा दिया गया है उसको दोबारा से 85/ 105 किया जाऐ और युवा जिला प्रवक्ता चंदन त्यागी ने कहा है कि 40 प्ररशेट लोकल किसानो को भी मील द्वारा नौकरी पर रखा जाऐ इसी तरह 11 मुददो को लेकर संगठन धरना 24 फरवरी को करेगा इस मौके पर मुख्य रूप से बोबी त्यागी देवेन्दर त्यागी नीशू त्यागी सतपाल त्यागी टूनू पूनीत बोबी आदि मौजूद रहै ।।

## स्वच्छता अभियान शुक्रताल में 23 को

**मुजफ्फरनगर।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने के लिए 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तृतीय चरण 23 फरवरी को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुंदिक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में यमुना नदी के छठ घाट, आईटीओ दिल्ली पर किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। जिला संयोजक हरीश कुमार एवं मीडिया सहायक सुशील कुमार 'अंश' ने बताया कि इसी श्रृंखला में प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत सन्त निरंकारी मिशन की ब्रांच-मुजफ्फरनगर में ''स्वच्छ जल -स्वच्छ मन'' का यह स्वच्छता अभियान शुक्रताल में प्रवाहित जीवन व मोक्षदायिनी गंगा-तट पर 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा नेता ने काँवड़ियों के लिए कराया अस्थाई पुल का निर्माण

**मोरना।** शिव भक्तो की यात्रा को सुगम बनाने के लिए मोरना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर मे डुंडी घाट सोलानी नदी पर अस्थाई पुल का निर्माण भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अमित राठी द्वारा कराया गया है। उन्होंने बताया की महाशिव रात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या मे शिव भोले क्षेत्र से गुज़रते हैं। शिव भक्तो को सुविधा प्रदान करने काँवड यात्रा को सफल बनाने के लिए शिव भक्तो की निरंतर सेवा की जायेगी।काँवड़ियों की सुविधा के लिए सोलानी नदी पर लकड़ी के पुल का निर्माण कराया गया है। साथ ही युवा भाजपा नेता पुनीत खोकर द्वारा पुष्प वर्षा कर शिव भोलो का स्वागत किया गया।

## चौ० छोटू राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरकुलर रोड़, मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)

**प्रेस विज्ञप्ति**

चौ. छोटूराम (पी.जी.) कॉलेज मुजफ्फरनगर लक्ष्मण विहार स्थित कृषि फार्म 165 बीघा (कच्चा) को तीन वर्षों दिनाँक 01.03.2025 से 29.02.2028 के लिए ठेके पर लेने हेतु इन्छुक व्यक्ति दिनॉक 27.02.2025 दिन बृहस्पतिवार को सायं 03:00 बजे महाविद्यालय में आकर बोली में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने के लिए जमानत राशि रूपये 20,000/- (बीस हजार रूपये मात्र) जमा करनी होगी। कृषि फार्म पर ट्यूबवैल की सुविधा उपलब्ध है। बोली सम्बन्धित सभी अधिकार महाविद्यालय को होंगे। ठेके की शर्ते महाविद्यालय में नीलामी के दिनॉक को ही घोषित की जायेगी।

**(शरद कुमार)**
**सचिव प्रबन्ध समिति चौ. छोटूराम (पी.जी.) कॉलेज मुजफ्फरनगर**

**प्रो. के.पी. सिंह**
**प्राचार्य**
**चौ. छोटूराम (पी.जी.) कॉलेज मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या- 653 दिनांकित 21.02.2022 में गलती से नाम फायजा (Faiza) अंकित कराया गया था जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम फायजा नूर (Faiza Noor)है और भविष्य में इसी नाम से जाना जायेगा।

**निवेदक: मौ.शाहनवाज त्यागी पुत्र श्री मौ.इस्लाम त्यागी, निवासी-इस्लाम मंजिल, लेन नम्बर-3, ग्रीन एन्कलेव रूडकी रोड, शेरपुर मुजफ्फरनगर।**

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने ली व्यापारियों की बैठक

## जिला उद्यमियों की समस्याओं को समय से होगा निराकरण: डीएम





शामली। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में होती बैठक। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में व्यापारियों बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिक. ारी ने उनकी समस्याओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित बैठक में डीएम शामली शहर में आईजीएल की लाईन डालने के कारण खराब हुई सड़कों को ठीक कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी शामली को निर्देश दिए। बैठक में पालिका बाजार के बाहर संचालित अवैध टैंपो एवं फल सब्जी के ठेलों से जाम की समस्या आदि के संबंध में अधिशासी अधिकारी शामलीध्सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी क्षेत्राधिकारी एसडीएम को संयुक्त रूप से वेंडिंग जोन चिन्हित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बैठक में करनाल रोड से जिला अस्पताल तक नहर की पटरी पर लाइट की व्यवस्था न होने के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा रोडवेज डिपो, रोडवेज बस अड्डा, प्रधान डाकघर आदि समस्या बताई गई जिसको लेकर संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त प्रशासन विजय कुमार, राज्य कर, साहयक श्रमायुक्त अचला पाण्डेय मौजूद रहे।

**शामली।** कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला उद्यमियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुनते हुए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए है।

शुक्रवार को बैठक में वित्तीय वर्ष 2024- 25 एकल खिड़की योजनाधनिवेश मित्र योजना की भी समीक्षा करते हुए विभाग की योजना यथा एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति जानते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में प्रगति जानते हुए उपयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया। बताया कि योजना में 1000 लक्ष्य के सापेक्ष 420 आवेदन पत्र बैंकों को ऋण हेतु बैंकों को भेजे गए हैं। परंतु बैंकों द्वारा सहयोग नहीं दिया जा रहा है। जिस कारण प्रगति खराब है। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना में प्रगति के निर्देश के साथ ही योजना में प्रतिदिन की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि उक्त योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजना को लेकर लापरवाह बैंकों को पर भी एफआईआर की कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उक्त योजना के संबंध में सीएससी प्रबंधक, आईटीआई को भी अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के लिए आईटीआई के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग शामली जैस्मिन, साहयक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल, आशीष जैन, अंकित गोयल आदि मौजूद रहे।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से महिला सफाईकर्मी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन के मोहल्ला मुजावरान में कालू की चक्की के सामने एक विद्युत ट्रांसफार्मर खुले में रखा है जिसको किसी भी तरह से बेरीगेट नहीं किया गया है। निशा पत्नी राजकुमार निवासी मोहल्ला रेती थाना भवन वहां पर सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत थी जो शुक्रवार की दोपहर वहां पर सफाई करने के लिए गई थी जब वह वहां पर सफाई कर रही थी तो पास में ही रखे खुले विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई।आनन फानन में लोगों ने महिला को थाना भवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पहुंची थाना भवन पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के छः लड़की व दो लडके है जिनमे एक लड़की व एक लड़का अविवाहित है। घटना के बाद स्थानीय लोगों जगमाल, पकंज कुमार, धर्मपाल विशाल कुमार, मुक. ेश कुमार, सोनू कुमार, कालू राम, ने बताया कि खुले मे रखे टांसफार्मर से कुछ वर्ष पूर्व मोहल्ला निवासी प्रितम के साथ भी हादसा हुआ था तब से ही वे बार बार इसकी शिकायत कर रहे है लेकिन विद्युत विभाग ने इस और कोई ध्यान नही दिया एस डी ओ विद्युत विद्युत विभाग ने कहा कि मामला उनकी जानकारी मे नही था शीघ्र ही नगर के सभी ट्रासफार्मरो की बेरिगेटिंग कराई जाएगी।





थानाभवन। मृतक का फाइल फोटो व मौके पर मौजूद लोग।

## एक नजर

### प्रदेश सरकार के बजट में व्यापारियों की आशाएं रही अधूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में शामली के शिव मूर्ति सुभाष चौक स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई व्यापारियों की बजट समीक्षा बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि बजट से व्यापारियों की आशाएं अधूरी रह गई बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि इस बार प्रदेश के व्यापारियों को उम्मीद थी की बजट में छोटे व्यापारियों की प्रमुख मांग कि उन्हें 60 वर्ष से ऊपर के व्यापारी को घ्3000 प्रतिमा की पेंशन योजना तथा व्यापारी के स्टॉक का बीमा सरकारी स्तर पर करने वह उनका दुर्घटना बीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख करने की घोषणा अवश्य की जाएगी मगर व्यापारियों की आशाएं अधूरी रह गई है व्यापारी वर्ग सदैव से ही सरकार को सहयोग करता रहा है व्यापारियों ने हर महा जीएसटी के माध्यम से करोड़ों रूपए का जीएसटी जमा कर सरकारके खजाने भरे हैं फिर भी व्यापारी को हर बार निराश होना पड़ता है प्रदेश सरकार ने बजट में छोटे व्यापारियों को बिना किसी गारंटी के 10 लाख रूपए तक का ऋण देने की घोषणा से छोटे व्यापारी को अपना व्यापार बढ़ाने के लिए धन के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा इसके लिए हम सरकार का आभार व्यक्त करते हैं इससे छोटे व्यापारी अपना व्यापार बढ़ा सकेंगे मगर व्यापारी की जीवन सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है प्रदेश के व्यापारियों को आशा है कि सरकार भविष्य में व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान देकर उनका जीवन सुरक्षा सुरक्षा व पेंशन की ओर ध्यान देगी बैठक में मुख्यतः सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, रवि संगल नगर महामंत्री, ऋषभ जैन, वैभव गोयल, महेश धीमान, गौरव गर्ग ,राजीव गर्ग ,आदि उपस्थित रहे।

### सात से दस मार्च तक मनाया जाएगा शामली महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के नेतृत्व में,गर्व के साथ पहला शामली महोत्सव 2025 की घोषणा हो गई है, जो कृषि, कला और उद्योग के संगम का भव्य सामुदायिक उत्सव है। यह महोत्सव 7 से 10 मार्च 2025 तक वी।वी। पी।जी कॉलेज, शामली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं- मनोरंजन, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और बॉलीवुड कलाकारों द्वारा मनोरंजन का भव्य आयोजन। स्टॉल्सरू राज्य भर से विभिन्न उत्पादों, कला और भोजन का अन्वेषण करें।सांस्कृतिक प्रदर्शनरू विभिन्न प्रदर्शनों और गतिविधियों के माध्यम से शामली की समृद्ध संस्कृति और धरोहर का अनुभव करें। फूड कोटरू क्षेत्र के अनूठे स्वादों को प्रतिबिम्बित करने वाले विविध व्यंजनों का आनंद लें। महोत्सव को लेकर जिलाधिकारी ने कहा, ष्शामली महोत्सव 2025 हमारे जिले की रचनात्मकता का उत्सव है। जो हमारे जिले की धरोहर को महत्व देता है।,इस भव्य उत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे ,शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लें, विविध उत्पादों का अन्वेषण करें, और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखें। इस महोत्सव को सभी के लिए एक यादगार अनुभव बनाएं और शामली की संस्कृति को राष्ट्र के सामने प्रस्तुत करें।ष शामली जिला प्रशासन व्यवसायों, उद्यमियों, कलाकारों और जनता को इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रण देता है। यह उत्पादों को प्रदर्शित करने, नए ग्राहकों से जुड़ने और अपने ब्रांड को बढ़ाने का एक अद्भुत अवसर है। शामली के गौरव का हिस्सा बनें।

### फायरिंग मामले में दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में फायरिंग के मामले में घटना के दो दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। जबकि मामले की छानबीन करते हुए फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर जांच के लिए पहुंची।

बुधवार की देर शाम कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के पीछे मोहल्ला माजरा में दो बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई, वहीं शुक्रवार की दोपहर फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंची, जिसमें उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार ने घटना से वीडियो ग्राफी कर मौके पर छानबीन की। मामले में महिला अंजू द्वारा निखिल व छोटे सहित एक अज्ञात के खिलाफ फायरिंग कर जानलेवा हमला करने का मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु टीम के साथ दबिश दे रही है, लेकिन घटना के दो दिन बीतने के बाद पुलिस के हाथ खाली है।

# लापता युवक का शव नाले से मिला, हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 4 फरवरी से लापता युवक का शहर के माजरा रोड स्थित गंदे नाले से सडी गली अवस्था में शव बरामद हुआ है। नाले की सफाई के दौरान शव दिख सका। जिसके बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में लगी है।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव सिलावर निवासी 25 वर्षीय शुभम पुत्र जसपाल गत 4 फरवरी को लापता हो गया था। शुभम की परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग सका। शुक्रवार को नगर पालि. का के कर्मचारी शहर के माजरा रोड स्थित शौर्य पैलेस के बाहर नाले की सफाई कर रहे थे तो अचानक से युवक का शव दिखाई दिए। युवक का शव बहता हुआ नाले में आकर फंस गया। जिससे कर्मचारियों में हडकंप मच गया। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को गंदे नाले से बाहर निक. ाला गया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच कराई। जिसके बाद युवक के हाथ पर लिखे एस और अन्य कागज के माध्यम से उसकी शिनाख्त हो सकी। मृतक युवक कुछ समय पूर्व शहर के गौशाला रोड पर हुई चोरी की घटना में शामिल होने के कारण जेल गया था और एक महीने पहले की जमानत पर बाहर आया था। जबकि परिजनों द्वारा 18 फरवरी को उसकी गुमशुदगी थाना आदर्शमंडी में दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में लगी है।

# विद्युत विभाग ने चलाया वसूली अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विद्युत विभाग द्वारा कस्बे में बकाया उपभोक्ताओं से वसूली हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें ऊर्जा निगम की टीम ने विद्युत बिल बकाएदारों के कनेक्शन काटे ओर शुल्क भी वसूला। अवर अभियंता ने बताया कि कस्बे वासियों पर विद्युत विभाग के चार करोड़ रूपए से अधिक बकाया है।

शुक्रवार को विद्युत विभाग की टीम ने मौहल्ला कानूनगोयान सहित कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में चौकिंग अभियान चलाया, जिसमें बकाया उपभोक्ताओं के 15 कनेक्शन काटे गए।

अवर अभियंता सुरजीत कुमार ने बताया कि विद्युत बकाया तारों से करीब एक लाख की वसूली भी की। उन्होंने कहा कि कनेक्शन विच्छेदन तथा बकाया वसूली का अभियान जारी रहेगा तथा अप्रैल माह में ओर तेजी लाई जाएगी। ऊर्जा निगम की टीम द्वारा की गई कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा।



झिंझाना। वसूली अभियान चलाती टीम। छाया शाह टाइम्स

## एक अभियुक्त को कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में खनन अधिनियम के 1 मामले में 1 अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा एवं 3,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित भी किया गया। वर्ष 1998 में अभियुक्त जबरा उर्फ झबरा पुत्र फरजू निवासी ग्राम दभेड़ी थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी जेएम कैराना द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 3,000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# नगर में पटाखा मार बुलेट चालकों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन में पटाखा मार बुलेट चालकों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ए चालक अपनी बुलेट बाइकों में अवैध साइलेंसर लगवाकर तेज धमाके जैसी आवाज पैदा कर रहे हैं जिससे रात के समय शांति भंग हो रही है। सोते हुए छोटे बच्चे इस तेज आवाज से घबरा कर उठ जाते हैं और डर के माहौल में रहते हैं।यह तेज धमाके जैसी आवाज न केवल बच्चों को डराने का काम कर रही है, बल्कि हृदय रोगियों के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। अचानक तेज आवाज से हार्ट पेशेंट्स को घबराहट या स्ट्रेस का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन को पटाखा मार बुलेट चालकों के साथ साथ अवैध साइलेंसर मोडिफाई करने वाले मिस्त्रियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। इन मिस्त्रियों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर की जा रही मोडिफिकेशन से ही यह समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रशासन को इस ओर ध्यान केंद्रित कर नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध साइलेंसर लगी पटाखा मार बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त किया जाए और ऐसे मॉडिफिकेशन करने वाले मिस्त्रियों पर भी कड़ी करनी करनी चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या का जल्द समाधान हो ताकि नगर में शांति बनी रहे और लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

# दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर भाजू गांव में कट देने की मांग विधानसभा में उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा में चल रहे सत्र में थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए थानाभवन क्षेत्र के विकास से जुडी हुई कई अहम मांगे विधानसभा में रखी। उन्होने गांव भाजू में दिल्ली देहरादून कॉरिडोर पर कट दिए जाने और थानाभवन क्षेत्र के तीन गांवों को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग रखी।

गुरूवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने विधानसभा में सरकार द्वारा कराए जा विकास कार्यो की सरहना करते हुए थानाभवन क्षेत्र में अधूरे पडे विकास कार्यो की मांग रखी। उन्होने दिल्ली देहरादून कॉरिडोर हाइवे पर गांव भाजू में हाईवे कट दिए जाने की मांग को राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से कराने की मांग रखी। उन्होने कहा लगभग छः माह से किसान और स्थानीय लोग धरने पर बैठे है। कट के अभाव में स्थानीय लोगों और किसानों को काफी परेशानी होगी।

कहा कि कट दिए जाने से क्षेत्रवासियों को सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। विधायक अशरफ अली खां ने कहा कि थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर, हसनपुर लुहारी और गढी अब्दुल्लाह खां की जनसंख्या और विकास को ध्यान में रखते हुए इन्हें नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना जरूरी है। उन्होने सरकार से आग्रह किया कि इन गांवों के नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। विधायक अशरफ अली खां ने जलालाबाद गंगोह रोड स्थित गंदेवडा संगम स्थल पर पुलिस चौक पोस्ट बनाने की मांग और थानाभवन में स्टेडियम बनाने की मांग रखी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, शौचालय निर्माण और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरे देश में प्रथम स्थान पर है।

विधायक अशरफ अली द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार से की गई मांग की क्षेत्रवासियों ने सरहना की।



विस. में बात रखते विधायक अशरफ अली।

# रेप पीड़िता के परिजन पहुंचे एसपी कार्यालय, कार्रवाई की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रेप पीडिता के परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितो ने कैराना पुलिस पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच उपरांत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शुक्रवार को रेप पीडिता के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने घटना से संबंधित एक शिकयती पत्र पुलिस अधीक्षक की गैर मौजूदगी में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार को सौंपा। बताया कि 10ध11फरवरी की रात्रि गांव के ही एक पड़ौसी युवक ने अपने साथी युवक को साथ लेकर उसके मोबाइल से फोन करके नाबा. लिग को चाबी देने के बहाने घर से बाहर बुलाया और फिर ईख के खेत में लेजाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म की जघन्य घटना को अंजाम दिया।खून से लथपथ नबालिग घर पहुंची और घटना के संबंध में परि. जनों को बताया। जिसके बाद परिजन नाबालिग को लेकर कैराना कोतवाली पहुंचे। परिजनों का आरोप है रेप पीड़िता को रात्रि दो बजे तक कोतवाली में ही बैठाए रखा,जिस कारण उसकी हालत अत्यधिक खराब हो गई। उनका कहना है कि रात्रि के समय ही एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को बुलाया गया और उनकी तहरीर बदलवाई,जिसमें में से एक आरोपी का नाम ही गायब कर दिया गया, साथ ही वादी का नाम भी बदलाव दिया गया है। इसी तहरीर के आधार पर एक युवक को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला दो अलग- अलग समुदायों से जुड़ा हुआ है। परिजनों का कहना है कि आजतक उन्हें एफआईआर की कॉपी तक नही दी गई है।मेडिकल,मजिस्ट्रेट के सामने बयान व पुलिस की पूछताछ होने के बाद भी हल्का दरोगा पीड़िता को कोतवाली बुलाने का दबाव बना रहा है। पुलिस अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी भी नही कर पाई है।



कैराना। एसपी कार्यालय पर पहुंचे लोग अपनी मांग रखते हुए। छाया शाह टाइम्स

### पंचायत कार्यालय में बैठता था आरोपी

रेप की घटना में शामिल युवक गांव में स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठा देखा गया है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी की बहन ग्राम पंचायत कार्यालय में सहायिका के रूप में कार्य करती थी,जिसकी शादी लगभग दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। आरा. ेप है कि उसके स्थान पर आरोपी ही बैठकर कार्य करता था,जबकि इसकी यहां नियुक्ति भी नहीं हुई थी। यह सारा मामला ग्राम सचिव की शह पर चल रहा था,बिना किसी तैनाती के प्राइवेट युवक सरकारी दस्तावेजों की निगरानी लगा हुआ था और ग्राम सचिव लापरवाह बने हुए थे।सवाल यह उठता है कि जब महिला सहायिका की शादी होने का बाद उसके भाई को कार्यालय के सरकारी दस्तावेज किसकी अनुमति के बाद सौंपे गए और पूरी जानकारी खण्ड विकास कार्यालय को क्यों नही दी गई। ग्राम सचिव निशांत बालियान से जब बात की गई तो उनका कहना था कि सहायिका की शादी हो चुकी है,लेकिन उसने इस्तीफा नही दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी क्या सहायिका अपने पद पर बनी हुई थी। इस सवाल के जवाब में ग्राम सचिव ने चुप्पी साध ली और कहा कि छुट्टी लेकर ससुराल चली जाती थी।

.................................

तहरीर के आधार पर तुरंत मुक. दमा दर्ज किया गया है।परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं।निष्पक्ष जांच उपरांत कार्यवाही की जा रही है।

**बिजेंद्र सिंह रावत**
**कोतवाली प्रभारी निरीक्षक**
**कैराना**

# हेलमेट पहनने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-3, लखनऊ द्वारा पत्र दिनांक 11 फरवरी, 2025 निर्गत करते हुए यह निर्देश दिए गए है कि उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्द्ध-शासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दोपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक हो। इसी प्रकार, जो अधिकारी/कर्मचारी चारपहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, ये वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य हो। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन की जांच करने पर यदि उक्त निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में अटल कुमार राय, आयुक्त सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा जिला प्रशासन शामली को शासन के उक्त निर्देशों का सभी कार्यालयाध्यक्षों द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों से कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

# निगम ने की बकायादारों की पांच दुकानें सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने टैक्स वसूली के लिए आज भी अम्बाल रोड, मल्हीपुर रोड, प्रद्युमन नगर, सुंदर विहार व जनकपुरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए बकायादारों की पांच दुकानों को सील कर दिया, जबकि करीब डेढ़ दर्जन दुकानदारों से साढे़ तीन लाख रुपये से अधिक की वसूली की। बकायादारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

नगर निगम द्वारा अम्बाला रोड स्थित 15 दुकानों पर टैक्स बकाया के लिए भवन स्वामियों को सील की कार्रवाई के लिए नोटिस भेजे गए थे, लेकिन किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। आज जब राजस्व विभाग की टीम कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में दुकानें सील करने पहुंची तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। भवन स्वामी ने दुकानों को सील की कार्रवाई से बचाने के लिए मौके पर ही दो लाख 55 हजार पांच सौ रुपये जमा कराए और दुकानों को सील की कार्रवाई से बचा लिया।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि उक्त के अलावा मल्हीपुर रोड स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में मधु वर्मा की ओर एक लाख दस हजार रुपये टैक्स बकाया था। जमा न करने पर उनका भवन सील कर दिया गया। प्रद्युमन नगर में बी डी शर्मा की ओर 44 हजार रुपये से अधिक बकाया है, तथा सुशील शर्मा पर 44 हजार रुपये बकाया है, दोनों भवन स्वामियों द्वारा बकाया टैक्स जमा न किये जाने पर दोनों के भवन सील कर दिये गए। सुंदर विहार में भी बलजीत कुमार पर 43 हजार 600 रुपये बकाया होने पर भवन सील किया गया।



मदन एन्क्लेव के निकट एक दुकान पर 55 हजार 400 रुपये बकाया था, जैसे ही सील की कार्रवाई के लिए टीम पहुंची तो भवन स्वामी ने तुरंत टैक्स जमा करा दिया। जनकपुरी थाना क्षेत्र में भी दीपक प्लाजा स्थित एक दुकान को सील की कार्रवाई से बचाने के लिए भवन स्वामी द्वारा 50 हजार 176 रुपये मौके पर ही जमा कराए गए।

# बीम सरकने से लिंटर गिरा, दो मजदूरों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** जैक द्वारा मकान का लिंटर उठाते समय बीम सरकने से बडा हादसा हो गया। लिंटर नीचे गिरने से वहां काम कर रहे मजदूर दब गये। जिसमें दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दो घायलों को मेडिकल कालेज के लिये रैफर किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक थाना सरसावा की शाहजहांपुर चौकी क्षेत्र के गांव ढीक्का टबरा निवासी जलील पुत्र तिरु ने जैक द्वारा अपने मकान का लेटर उठाने के लिए ठेकेदार मिरहसन पुत्र रियासत को ठेका दिया हुआ था ।वह शुक्रवार को करीब 3:00 बजे अपने मजदूरों के साथ जैक द्वारा लेंटर उठा रहा था तभी अचानक मकान का बीम सरक गया देखते ही देखते लेंटर काम कर रहे मजदूरों के ऊपर गिर गया। लेंटर गिरने की आवाज चीख पुकार सुनकर गांव के लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े लोगो ने शाहजहांपुर पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार को हादसे की जानकारी देते हुए लेंटर के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालने लगे आनन फानन में चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से लेंटर के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाल एंबुलेंस एवं अन्य वाहनों द्वारा अस्पताल भिजवाये गए ।जहां चिकित्सकों ने दो मजदूरो को मृत घोषित कर दिया मृतक मजदूरों की शिनाख्त 24 वर्षीय राजेंद्र पुत्र विक्रम निवासी मो हरी. जनान थाना सरसावा,एवं दूसरे मजदूर 25 वर्षीय शहजाद पुत्र शमशाद निवासी शेखपुर नया मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। वहीं ठेकेदार मिरहसन उर्फ मुन्ना पुत्र रियासत मो मीरधान ,सहित मजदूर हसीन पुत्र मिरहसन ,इंतजार शावेज, शौकीन को सीएचसी सरसावा में भर्ती कराया गए। जहां चिकित्सकों ने दो मजदूरों इंतजार एवं शौकीन की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज पिलखनी रेफर किए गए ।बाकी घायल मजदूरों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# शिविर में 15 मरीजों के नेत्रों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कृपा फाउंडेशन द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर में नेत्र चिकित्सकों ने 15 मरीजों की आँखों की जाँच की और आँखों की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



शुक्रवार को क्षेत्र के गांव बहाद. रपुर में कृपा फाउंडेशन द्वारा डाक्टर श्रॉफ चौरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से नि:शुल्क आँखों की जाँच के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें आस पास से विभिन्न गांवों अहमदपुर, सकतपुर, मदनुकी, नसरतपुर, बहादरपुर आदि गांवों से शिविर में पहुंचे दर्जन भर मरीजों की नेत्र चिकित्सकों ने नि:शुल्क आँखों की जाँच की और तीन मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर डॉक्टर शालिनी, डॉक्टर रजनी, डाक्टर नवशिका ने आँखों की सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें समय समय पर अपनी आँखों की जाँच करानी चाहिए साथ ही इनकी देखभाल करते हुए धूल, धुंए और तेज धूप की रोशनी से बचाव के लिए काले चश्मे का उपयोग करना चाहिए। अंत में फाउंडेशन के अध्यक्ष डाक्टर महिपाल ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

इस दौरान सुशील कुमार, डाक्टर रजनी, डाक्टर शालिनी, संजीव, प्रदीप कुमार, विकास कुमार, पवन कुमार आदि का सहयोग रहा।

## पुरानी रंजिश में मारपीट

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव चन्देना कोली में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव चन्देना कोली निवासी विशांत चौधरी ने तल्हेडी बुजुर्ग चौकी में गांव के ही लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने पिता मुकेश चौधरी के साथ गन्ने के खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के कुछ लोगों ने आकर हमारे साथ मारपीट कर हमें घायल कर दिया है। पुलिस द्वारा पुछे जाने पर उसने बताया कि खेतों की जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है जिसके कारण उन्होंने हमारे साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने हमें जान से मारने की धमकी दी है इसलिए उचित कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें। पुलिस का कहना है कि हमें झगड़े की सूचना प्राप्त हुई है।

# बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील बेहट प्रांगण में प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 में दी गई व्यवस्थाओं के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार पुष्पंकर देव को दिया गया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमपाल सिंह राठौर ने कहा कि सरकार द्वारा पारित किया गया अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 गलत है। जो आम जनवादी वक्ताओं के अवलोकन राय हेतु विभिन्न माध्यम से विधि मंत्रालय द्वारा प्रचारित किया गया है प्रस्तावित कहीं संशोधनों को संविधान की मूल भावनाओं के विपरीत है तथा अधिवक्ताओं की आवाज को कुचलना का प्रयास प्रतीत होता है उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता समाज के प्रत्येक उस व्यक्ति की आवाज बनकर न्यायालय में अपना पक्ष रखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इस निर्णय पर विचार नहीं करती है तो उग्र आंदोलन होगा इसमें सरकार को राजस्व हानि होगी अधिवक्ता किसी भी न्यायालय में कार्य नहीं करेंगे। इस मौके पर बार एसोसिएशन के महासि.



चव सुनील कुमार सैनी, नरेंद्र कुमारसैनी, ठाकुर प्रदीप सिंह, ठाकुर लोकेश राणा, चौधरी राजवीर सैनी, एडवोकेट नेरुल लता आदि ने भी अपने अपने विचार प्रकट करते हुए प्रस्तावित आदि वक्त अधिनियम संशोधन बिल को गलत बताया और सरकार को चेतावनी दी है कि यदि सरकारों बिल को वापस नहीं लेती है तो अधिवक्ता संघ उग्र आंदोलन करेंगे। प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 की प्रतीया अधिवक्ताओं दोबारा जलाई गई।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमपाल सिंह राठौड़ व महासचिव सुनील कुमार सैनी एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह सैनी ठाकुर प्रदीप अनिल सैनी ठाकुर जगदीप पंकज शर्मा कैलाश चंद सैनी नरेंद्र सैनी राजवीर चौधरी मुकेश सैनी, अजय सैनी एडवोकेट आदि बहुत से अधिवक्ता साथी मौजूद रहे हैं।

# सीएम पोर्टल पर भाजपा नेता ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव नासिरपुर डिगौली निवासी भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक राजीव त्यागी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**■ भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक की शिकायत पर नहीं हुई थी कार्यवाही**

पोर्टल पर भेजे पत्र में कहा है कि गांव के वीरेंद्र व वरूण आदि के बीच भूमि विवाद चल रहा है। मामले की शिकायत पर स्थानीय पुलिस गत 15 फरवरी को गांव में आयी थी। उस समय वह भी मौके पर मौजूद था। पुलिस की मौजूदगी मे ही वरूण, विक्रांत पुत्र कर्मवीर ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए हमला करने का प्रयास किया तथा बाद मे जान से मारने की धमकी दी। जिसकी तहरीर उसने स्थानीय थाने मे दी थी और पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। करीब एक सप्ताह बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई न की बल्कि उल्टे उसे ही परेशान किया जा रहा है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने के संबंध में उसने क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र निम, पूर्व सांसद राघव लखनपाल को भी अवगत कराया है उसके बावजूद भी उसकी सुनवाई नही हो रही है। विरोधी पक्ष उसे लगातार धमकी देकर मानसिक रूप से उत्पीड़ित कर रहे है।

# खुदाई के बाद बंद सडक निर्माण से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुलतानपर नगर से गन्देवड जाने वाले मार्ग पर सडक के चौडीकरण के निर्माण कार्य को लेकर सड़क ठेकेदार द्वारा लगभग दस दिन पूर्व सडक के एक ओर खुदाई तो कर दी गई थी। लेकिन निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। जिससे राहगीरो को परेशानी होने के साथ साथ जान का खतरा भी बन रहा है।



गंदेवड़ मार्ग पर ठेकेदार द्वारा सड़क खुदवाए जाने के बाद निर्माण कार्य बंद कर देने से राहगीरों को बडी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इस मार्ग पर राहगीर आये दिन किसी न किसी हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क किनारे खुदाई हो जाने के बाद सड़क तंग हो गई है। जिससे वाहन चालकों को ऑवरटेक करते समय वाहनों को सडक के किनारे कच्चे रास्ते पर उतारते समय खतरा बना रहता है कि कहीं गाडी पलट न जाये। एक ओर वाहनों के पलटने का खतरा तो वहीं दूसरी अन्य वाहनो से टकराने का भी खतरा बना रहता है।

पीडब्लूडी विभाग ने सड़क का निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ा हुआ है। दस दिन बीत जाने के बाद भी इस सड़क पर अभी तक काम शुरू नहीं किया गया है। ऐसे में ग्रामीणों व राहगीरों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया है कि सड़क खराब होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद पीडब्लूडी विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस मार्ग पर पिछले दिनों कई हादसे हो चुके हैं लेकिन पीडब्लूडी विभाग शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। इसलिए इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# महिला की मौत पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र के ग्राम साहबामा. जरा मे एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत होने से मायके पक्ष के लोगों ने गांव हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सहाबा मजरा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जाता है कि बीती रात अचानक महिला की तबियत खराब हो गई थी। जिसको परिजन डाक्टर के यहां ले गए। हालत ज्यादा खराब होने के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। अल सुबह जब मायके पक्ष के वालों को खबर मिली तो उन्होंने गांव पहुंचकर हगामा कर दिया। उनका कहना था कि उनकी बेटी की करीब बीस वर्ष पूर्व हुई थी। उन्होंने परिजनों पर महिला की हत्या करने के गंभीर आरोप लगाए।

सूचना मिलते ही गांव में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ग्राम प्रधान अजब सिंह, धीर सिंह निरंकारी आदि के साथ थाने पहुचे दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि महिला काफी दिनों से बीमार चल रही थी।जिसकी अचानक हार्ट अटेक के कारण मृत्यु हो गई।

उधर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अविनाश गौतम का कहना है कि महिला की मौत की सूचना पर गांव में पुलिस पहुंची थी। मायके पक्ष के लोगों की मांग पर शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जबकि उन्हें अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

**सूचना**

मैं SAHIL पुत्र SHAHID ALI निवासी हाउस नं. 92 अपोजिट आलावालपुर रोड छुटमलपुर जिला सहारनपुर ऊ प्र 247662 अपना नाम SAHIL से बदलकर RAO SAHIL कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए RAO SAHIL के नाम से जाना जाएगा।

## एक नजर

### हादसे में मामा भांजे समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर कार व बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार मामा, भांजे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना गुरुवार शाम देर शाम नानौता चुंगी की है। तीतरो थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ी हिंदू के रहने वाले दो सगे भाई अशोक व अंकुर पुत्र अमरपाल अपने 10 वर्षीय भांजे अनमोल को बाइक पर बैठाकर रामपुर मनिहारान में एक बैंकेट हॉल में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। जैसे ही वह कस्बे के नानौता चुंगी पर पहुंचे तभी हाईवे पर खुले कट पर सहारनपुर की ओर से आ रही एक थार कार ने अचानक यू टर्न ले लिया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। हादसे में सड़क पर गिरने से बाइक सवार मामा भांजे घायल हो गए। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकुर व अशोक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया।

### सड़क के बीचोबीच पलटी पिकअप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तेज रफ्तार रोडवेज बस में छोटा हाथी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर छोटा हाथी हाईवे के बीचो-बीच पलट गया। हादसे में चालक को चोट आई है। घटना दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर राज नर्सरी के पास की है।

शुक्रवार को दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक छोटा हाथी में टक्कर मार दी।अचानक जोरदार टक्कर लगने से छोटा हाथी अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। हादसे में चालक को चोट आई है। घटना के बाद रोडवेज चालक बस लेकर फरार हो गया। राहगीर व आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूर दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और मैजिक चालक को बामुश्किल गाड़ी से बाहर निकाला। राहगीरों ने गाड़ी को सीधा कर हाईवे पर साइड में खड़ा कराया। घायल युवक की पहचान कस्बे के मोहल्ला पिपलतला निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। जो अपना टाटा मैजिक छोटा हाथी वाहन लेकर नाना. ेता की ओर जा रहा था।सूचना पर सद्दाम के परीजन मौके पर पहुंचे और चालक सद्दाम को उपचार के लिए ले अस्पताल ले गए।



# अवैध खनन की एवज में वसूली के बाद मुख्य आरक्षी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर तैनात मुख्य आरक्षी द्वारा ग्राम घोड़ापीपली निवासी एक व्यक्ति से अवैध खनन कराने के एवज में अवैध वसूली करने की शिकायत मिलने पर एसएसपी द्वारा सीओ सदर से जांच कराए जाने उपरांत, एसएसपी के हस्वादेश पर मुख्य आरक्षी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार लो. केश पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम घोडापीपली थाना चिलकाना सहारनपुर वाहनो से खनन सामग्री की दुलाई का कार्य करता है। चिलकाना थाना पर तैनात मुख्य आरक्षी मुख्य आरक्षी हेमन्त कुमार पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी म.न. 660 सेक्टर 04 थाना नौचंदी जनपद मेरठ द्वारा लोकेश से यूपीआई के माध्यम से ओवर लोड खनन सामग्री परिवहन कराने के एवज में 1000 रूपये प्रति चक्कर लिए जाने की शिकायत पीड़ित द्वारा प्रार्थनापत्र देकर एसएसपी से की गई थी। शिकायत मिलने पश्चात मामले की जांच एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा सीओ सदर को सौपी गयी थी। सीओ सदर द्वारा दी गयी गयी जांच आख्या के आधार पर एसएसपी के आदेशोपरांत मुख्य आरक्षी हेमन्त कुमार पुत्र सतेन्द्र के खिलाफ चिलकाना थाना पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लोकतंत्र सेनानी को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय चौधरी रतिराम की शोकसभा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय चौधरी रतिराम के देहान्त के पश्चात मंगलवार को उनकी शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से आए काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आचार्य कर्मवीर द्वारा शुद्ध मन्त्रों उच्चारण के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न कराया गया। लोकतंत्र सेनानी की शोक सभा में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम वर्मा, भगत सिंह वर्मा ,मास्टर राजकुमार, पपिन चौधरी , राजकुमार चौधरी,ग्राम प्रधान शीशपाल चौधरी, श्यामवीर त्यागी, विपिन आर्य, हरपाल सिंह शांत, सुशील चौधरी, आरएसएस विभाग संचालक राकेश वीर , जिला प्रचारक अरविंद चौधरी और कालूराम चौधरी ने स्वर्गीय रतिराम चौधरी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि रतिराम चौधरी किसान थे लेकिन उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक और संघ में जो सहयोग दिया है वह हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनके जैसा राष्ट्रभक्त कभी कभी जन्म लेता है। तत्पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम वर्मा सहित पंचों ने चौधरी रतिराम के पश्चात उनके बड़े सुपुत्र अनिल कुमार को पगड़ी पहनाकर रस्म पगड़ी की अदायगी की और परिवार की जिम्मेदारी सौंपी।

**Shakumbhari Degree College**
Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP)
(Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)

**Required**

**Assistant Professor (Programms)**

1. B.A. (Bachelor of Arts)
Subject (Hindi, English, History, Political Science, Sociology, Education, Economics.
2. B.Com (Bachelor of Commerce)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.)
Note: Experienced Candidates will be preferred.
Candidates can apply within 7 days by Email, Post with their latest Self attested resume at in to.
Email: Shakumbharigroup@gmail.com
**Mobile No.: 9759922268, 7037476736**

## घायल की मौत

**तल्हेडी बुजुर्ग।** बाइक की टक्कर लगने से घायल हुए व्यक्ति की जिला अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई, अकस्मात हुई मौत से परि. जनों में शोक का माहौल व्याप्त है।

गुरुवार को शाम के समय सुखबीर पुत्र अन्तु सिंह निवासी धर्मपुर सरावगी सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें पुलिस द्वारा नागल सीएचसी पर उपचार के लिए भिजवाया गया था।लेकिन गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। आनन फानन में घायल सुखबीर सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया परन्तु वहां पहुंचने पर उपचार के दौरान घायल सुखबीर की मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना है कि दिमाग की नस फट जाने के कारण उनकी मौत हुई है।घायल सुखबीर की मौत की खबर सुनकर परिवार में दुख का माहौल छाया हुआ है।

# पिकअप से बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** दूध से भरी पिकअप और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नागल सीएचसी भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को देर शाम देवबंद निवासी ललित पुत्र महावीर, सौरव पुत्र धर्म सिंह और सागर पुत्र कालूराम एक बाइक पर सवार होकर हाइवे पर चल रहे थे। जैसे ही वह तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रही दूध की गाड़ी से टकरा गई। जिसके कारण तीनों बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। हाईवे से गुजर रहे राहगीरो ने उन्हें घायल अवस्था में देखकर सड़क से उठाकर किनारे कर दिया और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही दूध की गाड़ी का चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से भागने में कामयाब हो गया।जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायल युवकों को एम्बुलेंस से नागल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक गम्भीर चोट के चलते उन्हें चिकित्सको द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दूध की गाड़ी और बाइक को हिरासत में ले रखा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सत्संग साधना से कल्याण सम्भव: देवी सुदीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** देवी सुदीक्षा ने कहा कि मार्गदर्शक यदि सही हो तो एक दीपक रूपी दिया भी सूर्य जैसा प्रकाश समाज को दे सकता है। सत्संग साधना से ही मानव जीवन का कल्याण सम्भव होगा।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती सत्संग सभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित महा शिवरात्रि महोत्सव के प्रथम दिन देवी सुदीक्षा ने श्रद्धांलुओं को कथा का अमृत पान कराते हुए कहा कि मनुष्य योनि मे यदि कोई सच्चा मार्ग दिखा दे। एक दीपक रूपी दिया ही समाज को बेहतर प्रकाश दे सकता है। जिससे हम अपने जीवन को धन्य बना सकते है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की जन्मस्थली को त्रेता के अवतार भगवान श्री राम और कृष्ण की भूमि बताते हुए कहा कि भगवान के अवतार वाली भूमि में हमारा जन्म हुआ ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने प्रयागराज मे 144 साल बाद महाकुम्भ की प्रशंसा करते हुए कहा कि तीनो नदियों के संगम से त्रिवेणी बनने वाली गंगा की गोद मे स्नान अवश्य करना चाहिए। सभी भक्तो से कार्यक्रम मे अगले पांचो दिन समय से आने की अपील भी की गई। इस अवसर पर मामराज, राजीव कालड़ा, गुरुदयाल चुग, महेश सैनी, कमला, राजीव चुग, मोहन लाल धीमान, दीपक, कमल, सीमा, संतोष, आशा, सरोज, केला आदि मौजूद रहे।

## महिला के बैग से आभूषण व हजारों रुपये की नकदी चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्राईवेट बस में बैठी महिला के बैग से लाखों रुपये के आभूषण और हजारों रुपये की नकदी चोरी हो गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

मोहल्ला दीवान निवासी मोहम्मद जकी की पत्नी गौसिया अंजुम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह घर से रोहाना जाने के लिए निकली थी। हाईवे स्थित तल्हेड़ी चुंगी से प्राईवेट बस में सवार हुई। इस दौरान वहां खड़े एक व्यक्ति ने उसका बैग लेकर एक सीट के नीचे रख दिया और खुद भी वहीं बैठ गया। उससे अगली सीट पर वे बैठी थी। इस बीच उक्त व्यक्ति मंगलौर रोड पुलिस चौकी पर उतर गया। वह रोहाना में उतरी और सैदपुरा गांव में स्थित घर पहुंची तो बैग से उसे 15 तोले सोने के आभूषण और करीब 75 हजार रुपये की नकदी गायब मिली। गौसिया का कहना है कि बैग रखने वाले व्यक्ति ने चोरी की है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## लॉ के विद्यार्थियों ने सिविल कोर्ट का किया भ्रमण

# महत्वपूर्ण न्यायिक प्रक्रियाओं की ली जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लॉ के विद्यार्थियों ने अपर जिला एवं सत्र न्यायालय वाद-प्रतिवाद दाखिल होने जैसी महत्तवपूर्ण न्यायिक प्रक्रियाओं को देखने के साथ ही कोर्ट रूम, नजारत, सत्यापित प्रति विभाग एवं कंप्यूटर कक्ष का भ्रमण के दौरान न्यायाधीश एवं वकीलों के साथ बातचीत की।

इस्लामिया कॉलेज ऑफ लॉ के एलएलबी द्वितीय एवं बीए एलएलबी चतुर्थ एवं पंचम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने विधि प्राध्यापकगण नदीम अहमद व तरुण कुमार के साथ अपर जिला एवं सत्र न्यायालय देवबंद का भ्रमण किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवबंद के न्यायालय में चल रहे एक वाद में आरोपियों की दोष मुक्ति का आदेश भी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में ही




पारित किया गया तथा न्यायाधीश ने विधी विद्यार्थियों से उक्त वाद तथा दोष मुक्ति के संबंध में सवाल जवाब किए। विभागाध्यक्ष डा. बुशरा शफीक ने बताया कि कोर्ट विजिट छात्र-छात्राओं की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का एक भाग है। इससे छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व एक बेहतर अधिवक्ता के रूप में विकसित होता है। इस अवसर पर विशाखा, सानिया त्यागी, अंजलि, वर्षा, विकल, मिस्बाह, आंचल, अक्षित त्यागी, आमना, आफिया, सलोनी आदि छात्र-छात्राएं शमिल रहे।

> कोर्ट विजिट जैसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का व्यक्तित्व एक बेहतर अधिवक्ता के रूप में विकसित होता है: बुशरा

# नि:शुल्कस्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## गरीब व असहाय लोगों को उपचार कराया है जाता मुहैया: अनवर



**देवबन्द।** जामिया तिब्बिया मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां दी गई। साखन कलां गांव में शुक्रवार को स्वास्थ्य शि. विर का उद्घाटन कॉलेज प्रबंधक डा. अनवर सईद ने करने के उपरांत कहा कि कालेज की ओर से समय-समय पर शिविर लगाकर गरीब व असहाय लोगों को उपचार मुहैया कराया जाता है। ताकि लोगो को बिमारियों से बचाया जा सके उन्होने कहा कि ऐसे शिविरों का लोगों को लाभ लेना चाहिए। शिविर में डा. मुजम्मिल व डा. मोहम्मद आजम उस्मानी ने विभिन्न बीमारियों से संबंधित 127 रोगियों की जांच की। रोगियों के खून की जांच भी कराई गई। कुछ रोगियों की फिजियोथैरेपी भी की गई। इस मौके पर प्रो. निकहत सज्जाद, डा. मिस्बाह नईम, आमिर सईदी, राधा, शारिक उस्मानी, प्रभात त्यागी, मनोज कुमार, रेशमा खानम आदि मौजूद रहे।

## शुगर मिल ने किसानों के गन्ने का किया भुगतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल ने 11 फरवरी तक खरीदे गए समस्त गन्ने का 28.51 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। यूनिट हैड पुष्कर मिश्र ने बताया कि यह भुगतान संबंधित समितियों के माध्यम से किसानों के खातों में पहुंचाया गया है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह साफ, सुथरा एवं जड़ पत्ती रहित गन्ना ही मिल में सप्लाई करें और पर्ची का एसएसएस मिलने पर ही गन्ने की छिलाई करें।

## बंदियों ने संगम के जल से किया स्नान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उप कारागार में बनदियों ने केंद्रीय कारागार नैनी (प्रयागराज) से लाये गए संगम के पवित्र जल से स्नान किया और अपने जीवन में आज से एक दुर्व्यसन को त्यागने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को देवबंद उप कारागार में महाकुंभ के पावन अवसर पर अधिकारियों द्वारा विधि विधान से कलश पूजन व कलश स्थापना की गई। इसके उपरांत संगम जल से बन्दियों ने पवित्र स्नान किया। जेलर महेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि महाकुंभ के अवसर पर कारागार मुख्यालय के निर्देशानुसार पवित्र स्नान का आयोजन किया गया है। उन्होंने महाकुम्भ पर्व पर स्नान की महत्ता बताते हुए सभी बन्दियों को अपने जीवन में आज से ही एक दुर्व्यसन त्यागने की शपथ दिलाया। इस दौरान डिप्टी जेलर कल्पना व राजकुमार समेत उप कारागार का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वयंसेवकों ने लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वयंसेवकों ने आयुष्मान कार्ड, मुख्य उद्यमी योजना तथा नए पहचान पत्र बनवाने के लिए लोगो को जागरूक किया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर में चौथे दिन छात्रों ने गांधी कालोनी में आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण का कार्य किया। जिसमें स्वयंसेवकों ने लोगों को आयुष्मान कार्ड, मुख्य उद्यमी योजना तथा नए पहचान पत्र बनवाने के लिए जागरूक किया गया। बौद्धिक व्याख्यान भी हुआ, जिसमें ईएनडी ग्रुप के संचालक अरुण त्यागी एवं तलहा नसीम ने स्वयंसेवकों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

# सांसद पर जानलेवा हमला षडयंत्र का हिस्सा है।: राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कांग्रेसियों ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हसन पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

मोहल्ला अब्दुलहक में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राहत खलील ने कहा कि असम की धुबरी लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद रकीबुल हसन पर हुआ जानलेवा हमला षडयंत्र का हिस्सा है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी जरुरी है। सांसद पर हमला करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह मामले का संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई करे। नगर मीडिया प्रभारी रिहान अहमद कुरैशी ने कहा कि सांसद रकीबुल हसन पर जानलेवा हमला। असम राज्य में भाजपा सरकार की पोल खोल रहा है। इससे साबित होता है कि वहां कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। इस मौके पर चौ. धनीराम, अशरफ भारती, अनवार सिद्दीकी, फरमान, मो. आसिफ, दानिश, अंजुम, अफजाल कुरैशी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शमिल रहे

> कांग्रेसियों ने की असम की धुबरी लोकसभा सीट से सांसद रकीबुल हसन पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा

## बजट विकास को प्रगति देने वाला : प्रमोद चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** 2025 - 26 के लिए उत्तर प्रदेश के बजट पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। बजट में जहां मेधावी छात्राओं के लिए स्कूटी देने का प्रावधान किया गया है। वहीं युवाओं को रोजगार करने के लिए ब्याज मुक्त लोन देने की घोषणा भी की गई है। विकास को दृष्टिगत करते हुए जहां एक ओर 58 नगर पालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा की गई है, तो वहीं चार एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा भी की गई है।

# एसडीएम कार्यालय पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

### अधिवक्ता एक्ट में संशोधन की निंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह को सौंपकर अधिवक्ता एक्ट में संशोधन किए जाने के प्रस्ताव की निंदा की। एसडीएम कोर्ट परिसर में आयोजित प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त अन्य सदस्य समाहित न किए जाने, परिषदों के



सदस्यो व उनके अस्तित्व पर सुझाए गये संशोधन तत्काल समाप्त करने, अधिवक्ताओं से लिए जा रहे स्टांप की राशि परिषद को वापिस करने, राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टांप की बिक्री पर ली जा रही धनराशि अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने, अधिवक्ताओं को दस लाख को मेडिकल क्लेम व मृत्यु पर दस लाख की बीमा राशि प्रदान किए जाने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष भीम सिंह एडवोकेट, कुलदीप कुमार चौहान, ठाकुर सिंह, पुष्पराज सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, सुधीर कुमार, अरविंद कुमार, जितेंद्र कुमार, विपिन चौहान, अलताफ उमर, जावेद उमर, शहजाद परवेज आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

# परीक्षा को लेकर टीचर ने दिए टिप्स

**मुजफ्फरनगर।** बोर्ड परीक्षाओं शुरू हो चुकी हैं, इसी को लेकर टीचर स्टूडेंट्स को दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में कॉमर्स स्ट्रीम विषय -अकाउंट्स को लेकर कुछ निर्देश बताए गए हैं।

1. सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र का पैटर्न समझे। इसके लिए पिछले तीन से चार वर्षो के प्रश्न पत्रों को अच्छी तरह से पढ़े और समझे। इससे आप समझ पाएंगे की किस प्रकार के प्रश्न आ रहे हैं। किन अध्याय से न्यूमे. रिकल प्रश्न अधिक आ रहे हैं और किन अध्याय से थ्योरी प्रश्न अधिक आ रहे हैं

2. कुछ अध्याय ऐसे होते हैं जिन पर आप को ज्यादा समय लगाने की आवश्यकता नहीं होगी यह आप पुराने पेपर्स की सहायता से आसानी से समझ पाएंगे

3. कुछ पाठ ऐसे होते हैं जिसे न्यूमेरिकल प्रश्न शत प्रतिशत आता है, जैसे साझेदारी का प्रवेश ,शेयर्स इत्यादि ।इसके लिए आप इन न्यूमे. रिकल प्रश्नों को अधिक से अधिक हल करने का प्रयास करें।

4. अगली महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक निश्चित प्रश्न को कितने समय में हल कर पा रहे हैं ।प्रश्न पत्र को निर्धारित समय के अंदर हल करने की कोशिश करें। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा मॉडल पेपर हल करने का प्रयास करें ।बड़े न्यूमेरिकल प्रश्नों में 10 से 12 मिनट से ज्यादा का समय ना दें।

5. बेहतर होगा आप अपने पूरे प्रश्न पत्र को समय के आधार पर विभाजित कर ले ताकि निर्धारित समय के अंदर पूरा प्रश्न पत्र आप कर पाए।

6. थ्योरी प्रश्न के उत्तर की मात्रा यानी क्वांटिटी का निर्धारण मार्क्स के आधार पर करें ।इसलिए वर्ड लिमिट का ध्यान रखें ।

7. अपनी उत्तर पुस्तिका के प्रस्तुतीकरण पर काफी ध्यान दें। आपकी उत्तर पुस्तिका बिल्कुल साफ सुथरी और सुंदर देखनी चाहिए। इसके लिए नीले और कालेपन तथा स्केल का पूर्ण रूप से प्रयोग करें ।हेडिंग ,सब हेडिंग को समुचित तरीके से हाईलाइट करना ना भूले ।

8. प्रश्नों को हल करते समय फॉर्मेट साफ सुथरा बनाएं।

9. जिस सवाल में दिक्कत आ रही हो उसे छोड़ दें, उसमें ज्यादा समय व्यर्थ ना करें और आगे बढ़े। यदि अंत में आपके पास समय बच जाता है तब फिर से उस प्रश्न को अपने ध्यान में लाएं और हल करने की कोशिश करें ।

10. सदैव याद रखें की अंतिम के 5 मिनट आपके पास बचे होने चाहिए, आपकी उत्तर पुस्तिका की पुनरावृत्ति के लिए ।अंत में आपकी कॉपी का रिवीजन बहुत महत्वपूर्ण है



।कई बार हमें उस अंत के समय में अपनी करी हुई गलती दिख जाती है और हम उसे सुधार सकते हैं। आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए समस्त विद्यार्थियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं

**रुखसार फातिमा**
**सहायक अध्यापक**
**वाणिज्य**
**जैन कन्या इंटर कॉलेज**
**नई मंडी मुजफ्फरनगर**

# अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन

### डीएम को सौंपा ज्ञापन, बिल की प्रतियां जलाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के आह्वान पर अधिवक्ताओं आज काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया तथा बिल की प्रतियां जलाई।

इससे पूर्व जि बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष यशपाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता व सचिव विशाल कुमार के संचालन में हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के प्रावधान अधिवक्ताआं के संवैधानिक व



मौलिक अधिकारों के विपरीत है जो भविष्य में अधिवक्ताओं की एकता व अखण्डता को खंडित एवं दमन करने के आशय को प्रदर्शित करता है। अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित संशोधन बिल की घोर निंदा करते हुए आज काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन करते हुए बिल का विरोध किया तथा न्यायिक कार्यो से विरत रहे।

दोपहर 12 बजे अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष यशपाल सिंह, उपाध्यक्ष मुनेश चाहल तथा सचिव विशाल अग्रवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रस्तावित बिल की प्रतियां जलाने के बाद महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया। ज्ञापन में प्रस्तावित बिल को तुरंत वापस लिये जाने तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की गई है।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने तथा विरोध प्रदर्शन करने में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के अलावा रणजीत सिंह, जावेद, सईद, अंबिका राणा, ममतेश चौहान, पकंज विश्नोई, रजनीश आर्य, तल्हा मकरानी, करतार सिंह, अनिल चौधरी, पीताम्बर सिंह, नरेश पाल, नृपेन्द्र सिंह, आलोक पाल, आफताब अहमद, रिंकू, मनोज कुमार, अशोक पाल, परवेन्द्र चौहान, संजीव शर्मा, सौरभ चौधरी 'लवली', गंगाराम, ओमेन्द्र अग्रवाल, जिला रेवेन्यू बर अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, सचिव हेमेन्द्र सिंह, घनश्याम सिंह, अरविंद कुमार, प्रांजल चौधरी, पवन शर्मा, कोमल सिंह, सुनील कुमार आदि अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर बाइक सवार की मौत

**किरतपुर।** घर से बाइक द्वारा गुनियापुर दवाई लेने जा रहे एक होमगार्ड की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। होमगार्ड की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रैक्टर चालक ट्राली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भेज दिया।

शुक्रवार को गांव गुनियापुर निवासी सेवानिवृत्त होमगार्ड राज कुमार 62 वर्ष पुत्र बिशम्बर सिंह अपने घर से सुबह आठ बजे बाईक द्वारा दवाई लेने गांव भरेकी जा रहा था। जब वह गुनियापुर में पहुंचा तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने राजकुमार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**किरतपुर।** गांव असगरपुर में एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक नशे का आदी था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। क्षेत्र के गांव असगरपुर निवासी दवकुश पुत्र सुक्खे आयु 28 वर्ष नशे का आदी था। वह लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। शुक्रवार को भी वह मानसिक तनाव में था। उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## हादसे में बाइक सवार किशोर घायल

**कोतवाली देहात।** जनपद संभल के थाना धनौरा क्षेत्र के ग्राम बिलाबटी निवासी धूम सिंह अपने पुत्र विकास कुमार व एक अन्य के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेने बाइक से जा रहे थे। गुरुवार की मध्य रात्रि कोतवाली देहात-नहटौर मार्ग पर ग्राम महमूदपुर भावता के पास उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक से टकरा गई । जिसमें बाइक पर सवार किशोर विकास कुमार घायल हो गया। घायल को पीएचसी कोतवाली देहात में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद तीनों लोग अपने घर के लिए ही वापस हो गए। उधर नेशनल हाइवे पर ग्राम रोशनपुर प्रताप के पास शुक्रवार की अपराह्न लगभग साढे तीन बजे बाइक और कार की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी दीपांशु घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस घटना के बाद कार को कार सवार समेत थाने में ले आयी हैं।

## आसपा जिला संयोजक का स्वागत

**नगीना।** नगर के मौहल्ला लाल सराय निवासी व नवनिर्वाचित आसपा के जिला संयोजक परवेज पाशी का उनके आवास पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। अपने स्वागत पर आसपा के बिजनौर जिला संयोजक परवेज पाशी ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

## युवक ने किया कलेक्ट्रेट में आत्मदाह का प्रयास

**बिजनौर।** अपने परिवार व पुलिस से नाराज एक युवक आज सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह करने पहुंच गया। उसने अपनी जैकेट पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझा दी। घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई।

समीपवर्ती ग्राम सालमाबाद निवासी विनीत कुमार (30 वर्ष) पुत्र ग्रीसचंद अपनी ताऊ-चाचा के परिवारों से नाराज है। विनीत का आरोप है कि उसके ताऊ-चाचा के परिवार के लोग आयेदिन उसके खिलाफ पुलिस में झूठी रिपोर्ट लिखाते रहते हैं। विनीत के अनुसार वह पुलिस को सच्चाई बताने की कोशिश करता है, लेकिन पुलिस उसकी बात नहीं सुनती।

# 20 वर्ष बाद लापता पुत्र को देख छलकी आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव बगदाद अंसार निवासी 20 साल पहले पंजाब में नौकरी करने गया था। नौकरी तो नहीं मिली लेकिन वहां कुछ लोगों के द्वारा ग्रामीण को बंधक बनाकर रखा गया। कई सालों तक बंधक बने रहने के बाद समिति पदाधिकारी को बंधक बनाने की जानकारी हुई तो उन्होंने ग्रामीण को बंधन मुक्त कराया। मीना के प्रयास के बाद युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो परिजनों को वायरल वीडियो के आधार पर युवक के जिंदा होने की जानकारी मिली। 20 वर्ष बाद युवक घर पहुंचा तो परिजनों की आंखों से आंसू छलक उठे।

बगदाद अंसार निवासी अब्दुल शकूर ने बताया कि उसका पुत्र नाजिम छह पुत्र पुत्रियों में सबसे बड़ा पुत्र है। 15 वर्ष की अवस्था में पंजाब नौकरी करने गया था। एक महीने लुधियाना की एक फैक्ट्री में नौकरी की। बाद में नाजिम का पता नहीं लगा। काफी प्रयास के बाद भी नाजिम का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों के द्वारा बिजनौर तथा पंजाब में नाजिम के गायब होने की सूचना दर्ज कराई गई। कई वर्ष की खाक छानने के बाद भी जब नाजिम का सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका मानते हुए घर बैठ गए। चार दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखा तो वह दंग रह गए। बाबा रतन देव समिति अमृतसर पंजाब की ओर से सूचना आई थी कि नाजिम नाम का व्यक्ति पिछले डेढ़ साल से उनके आश्रम में है। नाजिम की पहचान के बाद परिजनों ने संबंधित समिति के पदाधिकारियों से संपर्क किया। संबंधित समिति के पदाधिकारी का मोबाइल नंबर भी लिखा हुआ था।

मोबाइल पर फोन से संपर्क करने के बाद वह दो दिन पहले अमृतसर पंजाब संबंधित समिति आश्रम में पहुंचे।

## यूपीएससी टॉपर श्रुति शर्मा बनीं देवरिया सदर की एसडीएम

**बिजनौर।** यूपीएससी वर्ष-2022 की टॉपर मूलरूप से बास्टा, बिजनौर निवासी सुश्री श्रुति शर्मा को जिलाधिकारी देवरिया सुश्री दिव्या मित्तल ने रूद्रपुर तहसील के संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उपजिला मजिस्ट्रेट से स्थानान्तरित करते हुए देवरिया सदर में संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर के रूप में तैनाती प्रदान की है। सुश्री श्रुति शर्मा ने संयुक्त मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सदर के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। श्रुति शर्मा ने बताया कि गरीबों, वंजितों, मजलूमों को इंसाफ दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उत्तर प्रद. ेश शासन द्वारा जो निर्देश दिये जायेंगे, उनका पूर्ण निष्ठा के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।



# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया

● रायन रिकलटन ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली, रबाडा ने तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** रायन रिकलटन (103) की शतकीय, कप्तान तेम्बा बवूमा (58), एडन मारक्रम (नाबाद 52) रासी वान दर दुसें (52) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 107 रनों से हरा दिया।

316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 50 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (10), इब्राहिम जदरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16) और हशमतउल्लाह शहीदी (शून्य) पर आउट हुए। इस दौरान रहमत शाह एक छोर थामे रन बनाते रहे। आलम यह रहा कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई (18) को कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मोहम्मद नबी (आठ) को यानसन ने अपना शिकार बनाया। गुलब. दीन नईब (13) और राशिद खान (18) रन बनाकर आउट हुए। 43 ओवर की तीसरी गेंद पर कगिसो रबाड़ा ने रहमत शाह को आउटकर अफगानिस्तान की पारी का 208 के स्कोर पर अंत कर दिया। रहमत शाह ने अफगानिस्तान के लिए 92 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (90) की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर और लुंगी एन्गिडी ने दो-दो विकेट लिए। यानसन, और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर पर टोनी डीजार्जी (11) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद नबी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बवूमा ने रायन के साथ पारी को संभाला।



खेल विशेष

## BSF ने बॉर्डरमेन 'मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आगामी 23 फरवरी को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन करने जा रही है। 'हैंड इन हैंड विद वॉर्डर पॉपुलेशन' थीम के आधार पर यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएसएफ ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। वर्ष 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन, जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, हर वर्ष अपनी भव्यता और लोकप्रियता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष, यह आयोजन और भी विशाल होने जा रहा है, जिसमें 5200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है। इस मैराथन में फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं, जो अनुभवी एथलीटों और शौकिया धावकों, दोनों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए, बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निष्शुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त यह मैराथन गोल्डन गेट, अमृतसर से जेसीपी अटारी तक के खूबसूरत और ऐतिहासिक मार्ग पर आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न आयु वर्गों (पुरुष और महिला, 40 वर्ष से कम व अधिक) के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें प्रथम आने

भारत-पाक महामुकाबला

# हम भारत से कमजोर हैं: अफरीदी

● मैच से पहले बोले शाहिद अफरीदी, कहा: हमारे पास खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं

**दुबई, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को महामुकाबला खेला जाना है। इस मैच को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शाहिद अफरीदी, युवराज सिंह, इंजमाम उल हक और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गज शामिल हुए। इस दौरान अफरीदी ने भारत की तुलना में अपनी टीम को कमजोर बताया है। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं। अफरीदी ने कहा हां अगर हम मैच-विजेताओं के बारे में बात करते हैं, तो मैं कहूंगा कि भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में अधिक मैच-विजेता हैं। एक मैच-विजेता वह है जो अकेले दम पर खेल जीतना जानता हो। अभी हमारे पास पाकिस्तान में ऐसे





खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसके मध्य और निचले क्रम के खिलाड़ी हैं, जो उन्हें मैच जिता रहे हैं। लंबे समय से हम खिलाड़ियों को मौके दे रहे हैं, लेकिन कोई भी लगातार आगे नहीं बढ़ पाया है। कुछ ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो लगातार ऐसा कर सकें। उन्होंने अपने प्रदर्शन को एक या दो साल या 50-60 मैचों तक कायम रखा। यहीं पर हम भारत की तुलना में थोड़े कमजोर हैं, जो इस क्षेत्र में बहुत मजबूत है। लेकिन भारत के खिलाफ जीत की कुंजी सामूहिक प्रदर्शन है। चाहे वह बल्लेबाज हों, गेंदबाज हों या स्पिनर हों, हर किसी का योगदान महत्वपूर्ण है। अफरीदी ने कहा कि एक कप्तान के रूप में रिजवान को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना होगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें हर मैच में प्रदर्शन करना होगा और उनका रवैया, शारीरिक भाषा और नेतृत्व बहुत मायने रखता है। एक कप्तान होने के नाते प्रशंसा और आलोचना समान मात्र में मिलती है। उनका प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वह टीम को एक साथ रखने वाले गोंद है। वह सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं, वह एक जुझारू खिलाड़ी हैं और मैदान पर उनकी ऊर्जा शानदार है।

# केरल-विदर्भ रणजी के फाइनल में

● गुजरात पर दो रन की बढ़त के आधार पर केरल को व मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में पहुंची

**अहमदाबाद, वार्ता।** आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गें. दबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174-4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली। केरल की ओर से आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) लिए।

एम डी निधीष और एनपी बासिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केरल ने अपने दो विकेट 32 के स्कोर पर गवां दिए। अक्षय चंद्रन (नौ), वरुण नयनार (एक) रन बनाकर आउट हुए। सिद्धार्थ देसाई ने रोहन कुन्नुमल (32) को आउटकर केरल को तीसरा झटका दिया। केरल का चौथा विकेट सचिन बेबी (10) रन के रूप में गिरा। मैच को ड्रा घोषित किये जाने के समय केरल का दूसरी पारी में स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई और मनन हिंगराजिया को दो-दो विकेट मिले। उल्लेखनीय है कि केरल ने पहली पारी में 457 का स्कोर खड़ा किया था। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच केरल और विदर्भ के बीच होगा।

**विदर्भ**-हर्ष दुबे (पांच विकेट), यश ठाकुर और पार्थ रेखड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के पांचवें दिन शुक्रवार को मुम्बई को 325 रन पर समेटकर 80 रनों की जीत के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। मुम्बई ने कल के तीन विकेट पर 83 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में यश ठाकुर ने शिवम दुबे (12) को आउट कर विदर्भ को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

हर्ष दुबे ने सूर्यकुमार यादव (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हर्ष का अगला शिकार आकाश आनंद (39) रहे। इसके बाद शम्स मुलानी और शार्दुल ठाकुर मुम्बई की धूमिल होती उम्मीद को फिर से जगा दिया। शम्स मुलानी (46) के रनआउट होने पर मुम्बई को बड़ा झटका लगा। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल ठाकुर (66) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। तनुष कोटियान (26) रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (34) को पगबाधा आउटकर मुम्बई की दूसरी पारी का 97-5 ओवर में 325 रन पर समेटकर 80 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे ने पांच विकेट लिए। यह ठाकुर और पार्थ रेखड़े को दो-दो विकेट मिले। विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुम्बई की पहली पारी 270 के स्कोर पर सिमट गई थी। विदर्भ ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए थे।

# गिल ने बनाया करियर का सबसे धीमा शतक





■ 2019 विश्व कप बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा वनडे में सबसे धीमा शतक है

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ परिस्थितियों के अनुसार अपने एकदिवसीय करियर का सबसे धीमा नाबाद शतक बनाया।

शुभमन गिल का यह शतक ऐसे समय में आया जब भारत विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल का विकेट गंवा कर मुश्किल में था। ऐसे कठिन समय में गिल समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई। यह उनका आठवां एकदिवसीय शतक है। 2019 विश्व कप के बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा एकदिवसीय में सबसे धीमा शतक है। गिल ने उनकी विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। मैच के बाद गिल ने कहा कि यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था।आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है। मैं बेहद खुश हूं। पिच आसान नहीं था। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी। इसलिए मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल कर गेंद को सर्कल के ऊपर से खेलने का प्रयास किया। फिर जब स्पिनर्स आए, तो मैंने और कोहली ने इस बारे में बात की कि फ्रंट फुट पर सिंगल लेना आसान नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने बैक फुट पर खेलने पर ध्यान केंद्रित किया।

# ममता जी व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

**लखनऊ, वार्ता।** पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी और सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडलमटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीत लिया है। सूर्या खेल परिसर, करियप्पा रोड, कैंट, लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जी- व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस-संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजापुरे व सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा-श्रीनिवास रेड्डी व टी-रामा मूर्ति को 21-13, 21-12 से हराया। पुरुष एकल आईडीएएस सेमीफाइनल में, पीसीडीए -आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजा. पुरे ने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे

## ● हिन्दुस्तान की बड़ी जीत, तरुणसंघा को पूरे अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप, आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए स पराजित टीम का इकलौता गोल ध्हाँन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघॉ ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिँह के गोल से परास्त किया। आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए। आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं।

# विराट कोहली ने कैच पकड़ने के अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी की



**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज और चुस्त क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने आज के मैच में नजमुल शान्तो और जाकेर अली के कैच पकड़े। कोहली और अजहरुद्दीन अब 156 कैच लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 140 कैच पकड़ने वाले महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ 124 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाले सुरेश रैना 102 कैच के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले संयुक्त दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।उन्होंने पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक की बराबरी करते हुए महज 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मोहम्मद शमी ने आज बांग्लादेश के पांच बल्लेबाजों को आउट किया।

# चहल-धनश्री का हुआ तलाक



■ 18 महीने से अलग रह रहे थे दोनों, दिसम्बर 2020 में हुई थी शादी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। एक मीडिया हाउस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुई, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंस. लिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसम्बर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक अक्क्फिशियल बयान सामने नहीं आया है। झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था।

# कोहली को खुद पर दबाव बनाने से फार्म में लौटने में आ रही दिक्कत : कुंबले



**दुबई, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान व कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली खुद पर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे है इस वजह से उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत आ रही है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच जीतने के बाद कोहली के प्रदर्शन को लेकर कुंबले ने कहा कि खराब फॉर्म से गुजरते हुए विशेषकर सफेद गेंद की क्रिकेट में कोहली को इतने लंबे समय तक ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे लगता है कि वह अपने ऊपर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे हैं।

आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपसे उम्मीद रखता है कि यह वो व्यक्ति है जो खेल को हमसे दूर ले जाएगा और ये टीम में महत्वपूर्ण है। जब आपके ऊपर इस तरह का दबाव हो और आपसे इस तरह की उम्मीदें होती हैं तो अचानक आप और कई सारी चीजो को अहमियत देने लगते हैं और बहुत अधिक प्रयास करने लगते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आप तनावमुक्त नहीं होते हैं। मेरा मानना है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत अधिक प्रयास कर रहा है। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहा है। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। रोहित शर्मा वहां आता है, उसे आजादी मिलती है क्योंकि बहुत सारी बल्लेबाजी होती है और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह विराट के लिए, उसे बस मैदान में आने के बाद किसी और चीज़ के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह फार्म में होता है, जब वह सिर्फ सिंगल लेना चाहता है और स्ट्राइक रोटेट करता रहता है, तो वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलने वाला खिलाड़ी है। अब वह केवल नियंत्रण करने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहा है, और यही उसका गेम प्लान रहा है।

# पांवधोई व ढमोला नदी पर प्रजेंटेशन देंगे नगरायुक्त

## ''भारतीय शहरों में नदियों के विकास और पुनर्जीवन'' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज से होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय शहरों में नदियों के विकास और पुनर्जीवन विषय पर कल 22 फरवरी से अहमदाबाद में शुरु हो रही दो दिवसीय कार्यशाला में सहारनपुर के नगरायुक्त संजय चौहान शहर की ढमोला नदी एवं प्राचीन व ऐतिहासिक महत्व वाली पांवधोई नदी पर प्रजेंटेशन देंगे। ताकि भारत सरकार की उक्त परियोजना में सहारनपुर की इन दोनों नदियों के विकास को भी शामिल किया जा सके।

भारत सरकार के राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान (एनआईयूए) व राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा कुछ अन्य संस्थानों की भागेदारी के साथ अहमदाबाद में 22 व 23 फरवरी को ''भारतीय शहरों में नदियों के विकास और पुनर्जीवन'' पर एक कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला में भागेदारी के लिए नगर निगम सहारनपुर के नगरायुक्त संजय चौहान को भी आमंत्रित किया गया है। एनआईयूए की ओर से नगरायुक्त को भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा गया है कि आपके नेतृत्व में सहारनपुर सक्रिय रुप से एक रिवर फ्रंट परियोजना विकसित कर रहा है, अतः इस कार्यशाला में आपकी भागेदारी अत्यधिक लाभकारी होगी। नगरायुक्त संजय चौहान ने बताया कि नगर निगम ने पूर्व में ढमोला व पांवधोई नदी की स्वच्छता के लिए अनेक प्रयास किये हैं और लोगों को जनजागरुक करने के लिए अनेक अभियान चलाए हैं, दूसरे सहारनपुर रिवर सिटीज एलायंस का सदस्य है, इस दृष्टि से उक्त कार्यशाला के लिए सहारनपुर नगर निगम को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि वे उक्त कार्यशाला में भागेदारी करते हुए सहारनपुर नगरीय क्षेत्र की दो प्रमुख नदियों ढमोला एंव पांवधोई पर एक प्रजेंटेशन देंगे, ताकि नदियों के विकास के लिए भारत सरकार के प्रोजेक्ट में पांवधोई और ढमोला को भी शामिल किया जा सके और इनके विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनायी जा सके।



नगर आयुक्त संजय चौहान ने कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि दोनों नदियों को प्रोजेक्ट में शामिल कराते हुए इन नदियों के विकास के लिए भारत सरकार से बजट प्राप्त किया जाए और दोनों नदियों को उनका प्राचीन स्वरुप लौटाने की दिशा में काम किया जाए।

## 23 को आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को सहारनपुर पहुंच रहे है। वह केंद्रीय बजट पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद 23 फरवरी को जनमंच सभागार में संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ से सरसावा एयरपोर्ट पहुंचेंगे उसके बाद सड़क मार्ग द्वारा सेठ गंगाप्रसाद माहेश्वरी सभागार पहुंचेगे। जहां भाजपा द्वारा आयोजित केंद्रीय बजट पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करेंगे और उसके बाद पत्रकार के सवालों का जवाब भी देंगे। अपरान्ह डेढ़ बजे सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के उपरांत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य साढ़े तीन बजे सरसावा एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जांच में दोषी पाए दरोगा दीपक निलंबित

## प्रोपर्टी डीलर की पत्नी ने की थी शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रोपर्टी डीलर के साथ अभद्रता करना और अवैध रूप से धन की मांग करना एक दरोगा को भारी पड़ गया। शिकायत के बाद हुई जांच में दोषी पाए जाने पर एसएसपी ने दरोगा को निलंबित कर दिया। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

दरअसल, पूरा मामला स्वाट टीम में तैनात दरोगा दीपक कुमार से जुड़ा है। आरोप है कि शहर के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर सिद्धांत सिरोही से इस दरोगा ने फोन व व्हाट्स कॉल पर अवैध वसूली करने और ना देने पर हकीकत नगर उनके ऑफिस पर जाकर अभद्रता की। प्रोपर्टी डीलर की

**■ प्रोपर्टी डीलर के साथ अभद्रता व अवैध धन की करी थी मांग**

पत्नी ने साक्ष्य सहित एसएसपी से मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पूरे मामले की जांच की गई और जांच में आरोप सत्य मिलने पर स्वाट टीम में तैनात दरोगा दीपक कुमार को एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने निलंबित कर दिया। साथ ही निलंबन अवधि के दौरान पुलिस लाइन में ही रहने के आदेश जारी किए गए है। दरोगा के निलंबित होने की खबर से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# रात्रि दस के बाद नहीं बजेगा डीजे

## बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर डीएम ने दिये कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत रात्रि दस बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर के प्रयोग करने वालों पर कडी कार्रवाई के निर्देश दिये है।

श्री बंसल ने कहा कि ऐसी स्थिति में आयोजक के विरूद्ध भी कार्यवाही होगी। साथ ही संबंधित थाना क्षेत्र के चौंकी इंचार्ज की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। जनपद में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस फैसले के तहत यदि कोई भी इस आदेश का उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी

**■ संबंधित क्षेत्र के चौकी इंचार्ज की जिम्मेंदारी भी होगी तय**

कार्रवाई की जाएगी।

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान छात्रों को शांति से पढ़ाई करने के लिए एक शांतिपूर्ण माहौल की आवश्यकता होती है, लेकिन वर्तमान में चल रही परीक्षाओं के दौरान कई मैरिज गार्डन और होटल्स में शादी समारोह के दौरान तेज आवाज वाले डीजे बजाए जा रहे थे। इससे छात्रों को पढ़ाई में गंभीर परेशानी हो रही है। जनपद में होने वाले शादी-ब्याह के आयोजनों में डीजे और लाउडस्पीकर की आवाज इतनी तेज होती थी कि न केवल आसपास के क्षेत्रों के लोग, बल्कि परीक्षार्थी भी इससे प्रभावित हो रहे थे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से काम करेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह कदम प्रशासन द्वारा छात्रों की भलाई और उनके मानसिक शांति को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। छात्रों को बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की मानसिक बाधा से बचाना और उन्हें एक शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके अलावा, यह कदम समाज में ध्वनि प्रदूषण को कम करने और लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

# मेयर डा. अजय ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड नंबर 67 के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र हबीबगढ़ में सीसी सड़क व नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण कार्य पर करीब 14 लाख रुपये की लागत आयेगी। नगर निगम में शामिल किये गये 6 गांव वार्ड 67 के अंतर्गत ही आते हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज वार्ड 67 के हबीबगढ़ में रिबन काटकर व नारियल फोड़कर करीब 14लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क व नाली निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया। महापौर ने इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर निगम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सभी 32 गांवों में पानी निकासी और सड़क



आदि बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार शहरों के साथ-साथ गांवों के समुचित विकास के लिए भी एक समुचित योजना के साथ कार्य कर रही है। महापौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4882 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 1200 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। जिससे निश्चय ही गांवों का विकास होगा। इस दौरान पार्षद अहमद मलिक, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. मोहतसिम, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. एहतेशाम, पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दीकी, पार्षद प्रतिनिधि गुलजेब, पार्षद प्रतिनिधि विनोद सैनी, व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री साबिर मलिक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे।

## बैंक कर्मियों का प्रदर्शन

**सहारनपुर।** बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों पर ग्राहकों द्वारा बढ़ते हमलों से सुरक्षा 5 दिवसीय बैंकिंग और बैंकर्स की लम्बित मांगों के तुरंत निस्तारण के लिए यूनाइटेड फॉरम ऑफ बैंकिंग यूनियन के आवाहन पर 24 एवं 25 मार्च को 5 दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया।

आज बैंक कर्मचारियों ने भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कोर्ट रोड पर प्रदर्शन किया जिसमें महानगर के विभिन्न बैंकों की शाखाओं के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियो को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के संयोजक संजय शर्मा ने कहा कि बैंकों की सभी शाखाओ मे रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। साथ ही अस्थाई कर्मचारियों को स्थायी करने के साथ ही आवश्यकता के अनुसार नई भर्ती निकाली जाए।

## सेमिनार 23 को

**सहारनपुर।** द इंडियन कुराश एसोसिएशन के सचिव विक्रान्त कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन द्वारा द इंडियन कुराश एसोसिएशन के सहयोग से 23 से 27 फरवरी तक इंटरनेशनल रैफरी व कोचिंग सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।

विक्रांत ने बताया कि डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में होने वाले इस सेमीनार में देश विदेश से लगभग 150 रैफरी व कोच प्रतिभाग करने आ रहे है और इनको प्रशिक्षण देने के लिए उज्बेकिस्तान से कुराश खेल के विशेषज्ञ आएँगे। आज अंतरराष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन के सचिव रेजा नासिरी व अंतरराष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन तकनीकी निदेशक रवि कपूर ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, मोहित, दिव्यांश, अरुण, अंतरिक्ष, आगमद्वीप, अनिष्का, शगुन, निर्किता, राघव, अभिनव, कृष्णा, राहुल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक निम ने प्लाईवुड इंडस्ट्री का उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम ने विधानसभा में प्लाईवुड इंडस्ट्री लगाए जाने सहित विकास के अनेक मुद्दे उठाए।



विधायक देवेंद्र निम ने आज विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में बोलते हुए कहा कि उनकी विधानसभा में पॉपुलर किसानों को ध्यान में रखते हुए विशेष क्षेत्र सृजित कर प्लाईवुड इंडस्ट्री की स्थापना कराई जाए। उन्होंने मांग की कि बुड्ढ्ढाखेडा गुर्जर से साधारणसिर तक वाया गागनौली शुगर मिल होते हुए सम्पर्क मार्ग का चौडीकरण व उच्चीकरण लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय सढौली हरिया में भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि शैक्षणिक कार्य शुरू नहीं हो पाया है अतः महाविद्यालय में आगामी सत्र से शैक्षणिक कार्य शुरू कराया जाए। विधायक देवेंद्र निम ने नल्हेडा गुर्जर में जनता इण्टर कालेज का विस्तार कर डिग्री कालेज बनाये जाने की मांग की जिससे क्षेत्र के छात्र छात्राओं को अन्य जगह जाने में होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है इसी कड़ी में उनकी विधानसभा के ग्राम उमरी कला में आधुनिक खेल मैदान की स्थापना की जाए। कासिमपुर फाटक देवबन्द से वाया चन्देना अम्बेहटा चांद तक मार्ग का चौडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाए व मानकमऊ से कुआखेडा संगम तक पूर्वी यमुना नहर की पटरी का चौडीकरण कराया जाना आवश्यक है।

नागल में उत्तर प्रदेश स्टेट हाईवे पर आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए ओवर ब्रिज व लाईटिंग की व्यवस्था कराई जाए। विधायक देवेंद्र निम ने रामपुर मनिहारान नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की मांग की व रामपुर मनिहारान शहरी पुल से वाया घसौती होते हुए भांकला तक राजवाहे की पटरी का चौडीकरण पीएमजीएसवाई के माध्यम से कराए जाने की मांग की। रामपुर मनिहारान पशु चिकित्सालय में स्टाफ व जरूरी सेवाओं हेतु एक्यूपमेन्ट उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

# संशोधन बिल का होगा विरोध: जमाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव जमाल साबरी एडवोकेट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे अधिवक्ता अधिनियम संसोधन बिल 2025 का अधिवक्ता समाज पुरजोर विरोध करता है।

जमाल आज अपने चैम्बर में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच व समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधि का शासन बनाये रखने के लिये निर्भिक एवं स्वतंत्र न्याय के तंत्र का होना जरूरी है। अधिवक्ता न्याय के रथ का पहिया माना जाता है व उसे आफिसर आफ दा कोर्ट का दर्जा प्राप्त होता है। बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों को संविधान की




आत्मा माना था। इन उपचारों की परिकल्पना अधिवक्ताओ के बगैर सम्भव नहीं है केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम संसोधन बिल 2025 लाया जा रहा है। जिसका अधिवक्ता समाज पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि जो नया बिल लाया जा रहा हो अधिवक्ता समाज के अधिकारों का हनन करने वाला है।

इस मौके राव खालिद एड, रुमन लाम्बा एड, मो शाकिर एड. साकिब गाड़ा एड, जुबैर अली एड, विकास एड, संदीप पवार एड, प्रदीप एड, फैसल एड, शाहरूख एड, सागर एड, सुबोध एड, अभिषेक एड, ज्योति एड, संजय, उजैफा आदि काफी संख्या मेंअधिवक्ता मौजूद रहे।

# वाहन की चपेट में आकर युवक गंभीर, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान ले जाते हुए युवक की मौत हो गई।

कस्बा निवासी सुमित फेरी लगाकर सब्जी बेचने का काम करता था। सुमित सुबह के समय सब्जी लेने के लिए साइकिल पर सवार होकर थाना भवन जा रहा था जैसे ही उसकी साइकिल तीतरों जलालाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित चांद वाला मैदान के पास पहुंची तो अज्ञात वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन को भगा ले गया। जैसे ही उसके परिजनों को सुमित के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल सुमित को निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सुमित के परिवार में दो बच्चे हैं। सुमित की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। कस्बा वासियों ने आर्थिक मदद की मांग की है।

❑ **सहारनपुर।** जनपद के अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट रवि ठाकुर ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपने प्रदेश समेत जनपद का नाम गौरवान्वित कर दिया।

# जिला पंचायत की रिक्त सीट पर धर्मेन्द्र निर्वाचित

## निकटतम प्रतिद्वंदी को 471 मतों से हराया, भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी मुबारकबाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला पंचायत वार्ड 25 सदस्य पद के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र गौतम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी आसपा प्रत्याशी अंकित कुमार को 471 मतों से पराजित कर दिया। चुनाव में सपा की श्यामलता तीसरे व बसपा समर्थित प्रत्याशी नरेन्द्र ओलरी चौथे स्थान पर रहे।

ब्लाक प्रांगण में जिला पंचायत उपचुनाव की मतगणना के दौरान प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। भाजपा ने सपा से जिपंस सीट छीनी है। सपा के सतप्रकाश की मृत्यु से रिक्त हुई सीट पर हुए उपचुनाव में धर्मेन्द्र भाजपा को 4723, अंकित आसपा को 4252, श्यामलता पत्नी सतप्रकाश सपा को 3198 व नरेन्द्र बसपा को 1410 मिलें। गंगोह ब्लाक में धर्मेन्द्र को 2665, अंकित को 1973, श्यामलता को 1452 व नरेन्द्र को मात्र 604 मत मिलें। इसके विपरीत नानौता ब्लाक में धर्मेन्द्र को 2058, अंकित को



2279, श्यामलता को 1746 व नरेन्द्र को 802 मत मिलें।

चुनाव जीतने के बाद निर्वाचित प्रत्याशी धर्मेन्द्र गौतम कलैक्ट्रेट पहुंचे जहां निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेन्द्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी, मण्डल अध्यक्ष नानौता मनोज राणा, वीरसेन कश्यप, विपिन चौधरी, टिंकू राणा, ललित कटारिया, टिंकू जैन, प्रिंस बरसी, प्रधान नीतिश, अशोक प्रधान, नाथीराम व नवाब प्रधान, प्रवेश बरसी, वीरसैन, अनुज, महक सिंह आदि ने धर्मेन्द्र गौतम को जीत की मुबारकबाद दी।

# ऑनलाईन कार्यशाला आयोजित

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट एंड लैंग्वेजेज एवं स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग द्वारा इवफेक्टिव सेल्स एंड मार्केटिंग स्ट्रेटेजी फॉर एंटरप्रेन्योरस स्टार्ट अप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यशाला की शुभारंभ स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड एंटरप्रेन्योरशिप विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सोमप्रभ दुबे ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस. पी. गर्ग शिकागो, यूएसए का स्वागत कर किया। मुख्य वक्ता ने छात्र छात्राओं को बताया कि एक एंटरप्रेन्योर को अपने लक्ष्य समूह को समझना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि वे अपनी मार्केटिंग रणनीतियाँ उसी अनुसार बना सकें। इसके बाद सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग करना, कंटेंट मार्केटिंग, जैसे ब्लॉग्स और वीडियो, से ब्रांड की पहचान और विश्वसनीयता का एनालाइसिस करना बड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसके साथ ही इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और नेटवर्किंग जैसी रणनीतियाँ भी स्टार्टअप्स के लिए फायदेमंद होता हैं, क्योंकि इससे वे अपने उत्पादों और सेवाओं को एक बड़े ऑडियंस तक ले जाने में सक्षम होते है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. डॉ. गुंजन अग्रवाल ने सभी छात्र छात्राओं से कार्यक्रम के संदर्भ में प्रतिक्रिया भी ली। कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ. करुणा अग्रवाल, विकास चौधरी, जूही अग्रवाल, रोहित सैनी, सचिन कुमार शर्मा, अर्जुन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# प्रस्तावित संशोधन बिल की अधिवक्ताओं ने फूंकी प्रतियां

**सहारनपुर।** प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 के विरोध में आज दिवानी न्यायालय बार संघ परिसर में अधिवक्तओं ने प्रदर्शन कर बिल कि प्रतियां फूंकी ओर अपना विरोध जताया। इसके अलावा दि कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने जिलामुख्यायल पर प्रदर्षन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मनीष बंसल को दिया।

आज दिवानी न्यायालय बार संघ के अध्यक्ष अभय सैनी, एडवोकेट व महासचिव अजय कौशिक एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर बिल की प्रतियां फूकी ओर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सहारनपुर के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल-2025 किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा प्रस्तावित संशोधन बिल के माध्यम से की जा रही न्याय प्रणाली में अभिव्यक्ति, अधिवक्ता की स्वतंत्रता का हनन किसी सूरत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। इसके बाद अधिवक्ताओं के द्वारा सिविल कोर्ट बार प्रांगण में विरोध स्वरूप प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल की प्रतियां जलाई गई और प्रस्तावित काले कानून का विरोध किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमरीश पुण्डीर उर्फ लाल्ला अरविन्द शर्मा, राजेन्द्र चौहान, राहुल त्यागी, मुनव्वर आफताब, स्वराज सिंह, अक्षय मित्र वत्स, निशान्त त्यागी, नितिन शर्मा, राधेश्याम पुण्डीर, संदीप पुण्डीर, दीपक तिवारी, अम्बेश कपिल, रमन गुप्ता, फैज अजीम एडवोकेट व काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अलावा दि कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने बार प्रांगण मे एकत्रित होकर काला रिबन बांध कर प्रस्तावित संशोधन बिल 2025 का विरोध जताया। अधिवक्तओं ने कहा कि प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल2025 अधिवक्तागण के साथ अन्यायपूर्ण व पक्षपातपूर्ण है। यह बिल अधिवक्ताओ के हितो के विपरीत एवं अधिवक्ताओ के अधिकारो के हनन के लिये है। यह बिल लागू हुआ तो अधिवक्ताओ के साथ अन्याय होगा। अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 से अधिवक्ताओं में गहरा रोष व आक्रोश है क्योंकि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 मे दिये गये प्रावधानो के कारण अधिवक्ता स्वतन्त्ररूप से तथा निष्पक्षरूप से निष्पक्ष वादकारियों को न्याय नही दिला पायेंगे। बार एसोसिएशन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति अधिवक्तागण के हितों में मांग करती है कि अधिवक्ता व उनके परिवार के लिये एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्राविधान किया जावें जिसे शीघ्र लागू किया जाये, परिषदों में निर्वाचित सदस्यो के अतिरिक्त कोई समाहित न किये जाये व उनके लोकतान्त्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये, परिषदों के सदस्यों या अस्तित्व पर सुझाये गये संशोधन को तुरन्त समाप्त किया जायें, नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेटस एक्ट में प्राविधानित था, उसको उसी प्रकार रखा जाये। केन्द्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बातें कही गयी है, उसे तुरन्त समाप्त किया जावे। साथ ही किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता न होने के कारण हम अधिवक्तागण एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त करते है। दि कलैक्ट्रेट बार एसोसिएशन सहारनपुर के अधिवक्तागण मांग करते है कि एडवोकेट अमेंडमेंड बिल 2025 को तुरन्त वापस लिया जाये, अन्यथा अधिवक्तागण पूरे देश मे इस लडाई को लडने की रणनीति बनाने पर बाध्य होगे। समाजवादी अधिवक्ता सभा प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जमाल साबरी एडवोकेट ने अपने चेम्बर सिविल कोर्ट में अधिवक्ताओ की मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधि का शासन बनाये रखने के लिये निर्भीक एवं स्वतन्त्र न्याय के तन्त्र का होना आवश्यक है। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने संवैधानिक उपचारों को संविधान की आत्मा माना था इन उपचारों की परिकल्पना अधिवक्ताओ के बगैर सम्भव नहीं है केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम संसोधन बिल 2025 लाया जा रहा है अधिवक्ता समाज इसका पुरजोर विरोध करते है। इस मौके राव खालिद, रमन लाम्बा, मो शाकिर, साकिब गाडा, जुबैर अली, विकास, संदीप पवार, प्रदीप, फैसल, शाहरूख, सागर, सुबोध, अभिषेक, ज्योति, संजय, उजैफा आदि काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डीएम का कलेक्ट्रेट परिसर में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर एवं एनआईसी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में बेहतर साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट के सभी दरवाजे रात्रि 8 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद हो जाएं। कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों में आवश्यक सुविधाओं तथा विद्युत उपकरणों को चौक कर लिया जाए। परिसर को सौन्दर्यीकृत भी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई दीवार टूटी है तो शीघ्रता से उसकी मरम्मत की जाए। जिलाधिकारी ने एनआईसी पहुंचकर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने फर्स्ट फ्लोर पर बन रहे कार्यालय और कंप्यूटर लैब के सेटअप को देखा। एनआईसी सभागार के स्पेस को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों को गुणवत्तापरक एवं समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेखा की लक्ष्मण रेखाएं

सियासी परम्परों पर चलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इतना ही नहीं आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों- कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था, उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। राजनीति में सब कुछ जायाज वाली कहावत पर गौर करते हुए इस पर ज्यादा टीकर-टिप्पणी ठीक नहीं, यह भी ठीक है कि दिल्ली को संपन्न, विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आए नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी, लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है। दिल्ली के सियासी तापमान के दृष्टिगत सीएम रेखा गुप्ता को भी अपनी सीमाएं/ लक्ष्मण रेखाएं तय करनी होंगी। विपक्ष उनके अनुभव हीन होने का फायदा उठाने की फिराक में लगा रहेगा।

## कांग्रेस की बदौलत दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई



कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाधी को बसपा पर उंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है, वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता, यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए, राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, यह बेहतर होगा।

**मायावती**
**अध्यक्ष, बसपा**

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ



**गजेंद्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे, जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जले स्मिन संनिधि कुरु।। का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है-हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या त द ा

> **विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है, उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं**

योग: कुम्भाख्यस्तीर्थनायके।। 'अर्थात' जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।

कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया ? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।



कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

# हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल करने के लिए करें ये वर्कआउट

**हार्ट हेल्थ**



आज के समय में ज्यादातर लोगों को हाई बीपी की समस्या रहती है। इसलिए ऐसे लोगों को अपनी दवा के साथ खानपान और फिजिकल फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। ऐसे में आप बीपी को कंट्रोल करने के लिए डेली रूटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं। साथ ही एक्सरसाइज को रूटीन का हिस्सा बनाने से आपको बीपी कंट्रोल करने में काफी फायदा मिलता है। एक्सरसाइज से आपका दिल मजबूत होता है और ब्लड सर्कुलेशन भी इंप्रूव होता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से तनाव कम करने में सहायता मिलती है। आप डेली रूटीन में सिंपल वॉक से लेकर लाइट स्ट्रेच तक कुछ भी कर सकते हैं।

हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हाई बीपी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए वर्कआउट बेहद फायदेमंद है। इसलिए आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। हाई बीपी के मरीजों को वर्कआउट रूटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को वर्कआउट करते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### कोर्डियो वर्कआउट...

अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की समस्या है, तो आपको कार्डियो वर्कआउट करना चाहिए। इस दौरान इंटेसिटी को मॉडरेट ही रखें। आप स्विमिंग से लेकर ब्रिक्स वॉकिंग और साइकिलिंग आदि कर सकते हैं। वहीं अगर आप कार्डियो एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है और एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है। इससे आपको हेल्दी वजन बनाए रखने में सहायता मिलती है। इससे आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

### लाइटवेट करें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

बता दें कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कभी मिस नहीं करना चाहिए। इसलिए सप्ताह में 2-3 बार आप लाइटवेट के साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि जब आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं, तो इससे मसल्स बिल्डअप में सहायता मिलती है। साथ ही इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। वहीं ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करना आसान हो जाता है।

### हाइड्रेशन का रखें ख्याल

वैसे तो हर किसी को वर्कआउट करते हुए अपने शरीर के हाइड्रेशन लेवल का ख्याल रखना चाहिए। लेकिन अगर आपको हाई बीपी की समस्या है, तो यह अधिक जरूरी हो जाता है। दरअसल, डिहाइड्रेशन से आपके दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

# खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट से शिशुओं के स्वास्थ्य को खतरा

**स्रोत फीसर्च**

एक हालिया अध्ययन में खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट के बढ़ते उपयोग का सम्बंध नवजात शिशुओं के जन्म के समय कम वजन और गर्भावस्था के छोटा होने से देखा गया है। इस रसायन का खेती में खूब उपयोग होता है, खासकर अमेरिका में। यह अध्ययन ओरेगन विश्वविद्यालय के एडवर्ड रुबिन और एमेट रेनियर द्वारा प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 1990 से 2013 के बीच जन्मे एक करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं के डैटा का विश्लेषण किया और अलग-अलग जिलों में ग्लायफोसेट के इस्तेमाल की मात्रा का सम्बंध गर्भावस्था अवधि और जन्म के समय वजन से किया। पाया गया कि जिन जिलों में सोयाबीन, मक्का और कपास की जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलें उगाई जाती हैं और भारी मात्रा में ग्लायफोसेट छिड़का जाता है, वहां 2005 तक नवजात शिशुओं का औसत वजन 30 ग्राम कम और गर्भावस्था की अवधि 1.5 दिन कम हो गई थी। ये प्रभाव 1996 से पहले नहीं दिखाई दिए थे क्योंकि तब जीएम फसलों का खूब उपयोग शुरू नहीं हुआ था। ग्लायफोसेट-सह फसलें आने के बाद ग्लायफोसेट का अत्यधिक उपयोग शुरू हुआ था। महज अमेरिका में हर साल यह 127000 टन से अधिक छिड़का जाता है। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के अनुसार ग्लायफोसेट का सावधानियों के साथ उपयोग सुरक्षित है, लेकिन कुछ शोध में इसका सम्बंध प्रजनन हार्मोन असंतुलन और अल्प गर्भावधि से देखा गया है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। जन्म के समय कम वजन और छोटी गर्भावधि का सम्बंध दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से है, जैसे संज्ञानात्मक विकास में देरी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह व हृदय रोग। और शोधकर्ताओं का अनुमान है गर्भावधि में मामूली कमी से नवजात की देखभाल, विशेष शिक्षा, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारी पर खर्च, और प्रभावित व्यक्तियों की कमाई में कमी जैसी समस्याओं से हर साल 1.1 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है।





# साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाती हैं



**पवन सिंह**

ये हेडलाइन भी लिफाफा पकड़ कवियों की जो भरी कविता जैसे लगी... चीन की चड्डी खैंच देंगे पाकिस्तान की पों निकाल देंगे। अमे. रिका भरेगा पानी अगर हम नदी नहा लेंगे। हमारे देश में कभी एक मौसम हुआ करता था जब साहित्यकार और कवि सत्ताओं के सामने अडिग और निडर होकर कलम के जरिए बात किया करते थे। अब कलम में 'राग तेलाही' की स्याही भरते हैं और सत्ता के कपाल पर कंपकंपी करते हैं। आज के साहित्यकारों और कवियों ने कलम, शब्द और आवाजों को बत्ती बनाकर उसके तैलीयपन से अपने तथाकथित ओज को जलाए रखने में महारथ हासिल कर रखी है। रही बात हेडिंग चेपने की तो इसमें कौन सी जीएसटी लगती है। दरअसल हकीकत तो ये है कि जब सत्ता चाहती है तो साहित्यकार की कलम बदल जाती है। शब्द बदल जाते हैं। शब्दावली बदल जाती है। शब्दार्थ बदल जाते हैं। भाव और अलंकार बदल जाते हैं। कलम रिरियाने लगती है। वह राग दरबारी गाने और लिखने लगती है। इसलिए सत्ताएं जब चाहती हैं तो सुर-ताल-तबला-सरंगी। सब कुछ उसके मुता. बिक ही बदल जाता है।

कौन साहित्यकार है और कौन नहीं पहले समाज तय करता था। अब साहित्यिक ठेकेदार तय करते हैं। नोएडा मीडिया के तथाकथित साहित्यिक सम्मेलन तय करते हैं। सत्ता के साथ गलबहियों का स्तर और सत्ता के साथ गांठ कितनी सालिड जुड़ी है। यह तय करता है। इसलिए मैं अपने विश्वविद्यालय के पुराने दोस्त और मौजूदा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के उक्त कथन से कदापि सहमति व्यक्त नहीं कर सकता कि साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाया करती हैं। वर्तमान संदर्भ में यह कथन पूर्णतया अतिशयोक्ति अलंकार से भरा हुआ है। क्योंकि अब साहित्यकार और उसकी कलम मलाई की चाल चलती है। वह मलाई निकालने के खांचे खोदती है और फिर पद, पैसा, प्रतिष्ठान और मंचीय सम्मान से सुशोभित होती है। दरअसल यही आज का सच है। इसे स्वीकार करें न करें। कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है लेकिन यह दर्पण कभी हुआ करता था अब तो सब कुछ अर्पण करके साहित्यकार भजन गा रहा है। सब कुछ तुझको अर्पण बस इसी अर्पण और 'कलमीय समर्पण' के भव सागर के संगम में गोता लगा रहा है साहित्यकार! कितने स्वनामधन्य साहित्यकार हैं जो मौजूदा सामा. जिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक विषयों पर कलम को बंदूक बनायें हुए हैं। किसी की हिम्मत नहीं है जो आज के परिवेश का दर्पण बन सके। अब तो दर्पण बने साहित्यकारों को कहीं भी किसी पन्ने पर न तो जगह मिलती है और न ही तथाकथित साहित्यिक सम्मेलनों में मंच क्योंकि आइना दिखाने वाले साहित्यकारों की श्रेणी में नहीं आते। अब साहित्यकार और साहित्यिक मंच सम्मान और पुरस्कार आदान-प्रदान का शानदार गिव एंड टेक का माधयम हैं। इस बार तू मुझको दे अगली बार मैं तुझको दूंगा। वैसे अब तो सम्मानोध पुरस्कारों का बाकायदा एक शानदार बिजनेस है। पैइसा दे पुरस्कृत हो ले। दुबई से अमेरिका तक पुरस्कार ले। सब कुछ झोलझाल चल रहा है। जब चहुंओर पतन सम्मानित हो रही हो रहा हो तो आवाजों को कौन सुने। आवाजें अब नक्कार खाने की तूतियां हैं और ये तूतियां एक ही गीत गा रही है। तू तक तू तक तूतियां हई जमालो फिलहाल तूतियां शहतूत के फल का पंजाबी नाम है, जो मोरस के पेड़ पर उगता है।



# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता व हेल्थ खतरे में

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं।

इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माधयम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मान. सिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।



शाह टाइम्स





# एक बयान और हड़कंप

शनिवार, 22 फरवरी 2025



## USAID

### कैसे काम करता है




यह संस्था देशों की सरकारों, एनजीओ, प्राइवेट सेक्टर और लोकल समुदायों के साथ काम करती है



इसे अमेरिकी संसद से पैसा मिलता है, जिसे यह अलग प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल करती है।

यह हेल्थ, एजुकेशन, आर्थिक विकास, लोकतंत्र और गवर्नेंस और डिजास्टर मैनेजमेंट में मदद करती है।

**100** देशों में लगभग यह संस्था काम करती है, जिनमें अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट प्रमुख हैं।

इसका मकसद अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाना और दुनियाभर के अलग-अलग संकट से जूझना है।

# बाइडेन बदलना चाहते थे मोदी की सरकार!

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एक बयान दिया गया। इस बयान के मायने साफ हैं कि कहीं ना कहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन भारत की मोदी सरकार को गिराना चाहते थे। इस बयान से अमेरिका तो अमेरिका यहां भारत के राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर JIO POLITICS में बाइडन भारत को किस रूप में देखते थे क्योंकि अक्सर मीडिया में इस तरह की बातें सामने आती रही हैं कि बाइडन कहीं ना कहीं अंदरखाने पाकिस्तान का समर्थन करते थे।

### 21 मिलियन डॉलर का है मामला

भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए US एड की तरफ से 21 मिलियन डॉलर लगभग 182 करोड़ रुपये खर्च होने थे। इस मामले पर ट्रम्प ने एक बार फिर से सवाल उठाया है और भारतीय चुनावों में संभावित हस्तक्षेप का संकेत दिया है। ट्रम्प ने बुधवार को बड़ा दावा करते हुए सवाल उठाया कि भारत में मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिका को 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उन्होंने अनुमान लगाया कि पिछली बाइडन सरकार की ओर से किसी और को जिताने की कोशिश की जा रही थी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सरकार इस मुद्दे पर मोदी सरकार से बातचीत करेगी।

### मोदी के दौर से पहले आया बयान

यह बयान तब आया हैजब एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग DOGE ने 16 फरवरी को खुलासा किया कि USAID के तहत भारत में मतदाता टर्नआउट के नाम पर 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए थे। साल 2024 के आम चुनावों में, मोदी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में नहीं आ सकी। उसे सरकार बनाने के लिए अपने एनडीए सहयोगियों का सहारा लेना पड़ा। ज्यादातर एग्जिट पोल बीजेपी को लोकसभा चुनाव में जीतता हुआ दिखा रहे थे। लेकिन 4 जून को आए परिणाम में एक अलग तस्वीर देखने को मिली।

### कोई बाहरी खर्च किसलिए करता है

ट्रम्प ने FII प्रायोरिटी समिट में कहा, हमें भारत में मतदाता टर्नआउट पर +21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारतीय सरकार को बताना होगा। यह एक पूरी तरह से नया खुलासा है। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में दो हजार डॉलर खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले भी 21 मिलियन डॉलर खर्च करने पर सवाल उठाया था। उन्होंने इस मुद्दे के जरिए भारत के टैरिफ पर निशाना भी साधा था।

मंगलवार को ट्रंप ने कहा, 'हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम वहां मुश्किल से ही घुस पाते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा है।



## भारत में बयानबाजियों का दौर शुरू




भारत में इस खुलासे के बाद राजनी. तिक दलों में बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे भारत की लो. कतांत्रिक व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप करार दिया और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विदेशी ताकतों द्वारा भारत की चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश थी। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्थानों में व्यवस्थित घुसपैठ की जा रही है।

**राहुल पर क्या बोली कांग्रेस?**

इसके अलावा, कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर यह आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे को राजनी. तिक हथियार बना रही है। कांग्रेस का कहना है कि अगर विदेशों से कोई मदद दी भी गई है, तो इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन भाजपा इसे राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि राहुल गांधी पहले भी कई बार विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील कर चुके हैं, जिस पर भाजपा ने उन्हें घेरने की कोशिश की थी।

## चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप का आरोप

इस मामले में भारत सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठा रही है और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जोड़ रही है। अब देखना होगा कि मोदी सरकार इस मामले को लेकर अमे. रिका से क्या जवाब मांगती है और क्या इसे लेकर कोई औपचारिक कार्रवाई होती है।



**यह हैं कुछ बड़े आंकड़े**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। ट्रम्प ने दर्शकों को कुछ उदाहरण दिए कि राष्ट्रपति बनने से पहले उनका पैसा कहां जा रहा था। सूची में भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर शामिल थे। यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को दी थी यह राशि 16 फरवरी को ट्रंप ने जारी किया था डोजियर। भारत में चुनावी हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया।

## अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने दी थी जानकारी

मुझे भारत और उसके पीएम का बहुत सम्मान है। DOGE, जो बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी मानवीय फंडिंग में अनियमितताओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। उनसे घोषणा की कि उसने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए आवंटित फंड को रद्द कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सलाहकार संजीव सान्याल ने पहले USAID के खुलासे पर प्रतिक्रिया दी थी और इसे मानव इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया था।

**बीजेपी ने उठाए थे सवाल**

बीजेपी आईटी सेलप्रमुख अमित मालवीय ने इस मामले में सोशल मीडिया पर लिखा था, यह तेजी से साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने देश के हितों के विरोधी ताकतों को भारत के संस्थानों में घुसपैठ करने में व्यवस्थित रूप से सक्षम बनाया है, जो हर मौके पर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं।

**इस विभाग ने किया खुलासा**

दरअसल, ट्रंप की यह टिप्पणी उस समय आई जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभागने हाल ही में खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था।

**बांग्लादेश को भी जारी की थी ऐड**

इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर खर्च किए गए। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने की साजिश के आरा. ेप लग चुके हैं, जिससे इस रिपोर्ट की गंभीरता और बढ़ जाती है।



## यूक्रेन को भी जारी की गई थी भारी-भरकम राशि

बुधवार को यूक्रेन में चल रहे युद्ध की ओर मुड़ते हुए, ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की और उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में अरबों डॉलर निवेश करने के लिए राजी करने का आरोप लगाया, जिसे वे जीत नहीं सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने यूरोप की तुलना में काफी अधिक खर्च किया है, लेकिन कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ है।

**ट्रंप ने जारी किया पूरा बयान**

हमें भारत सरकार को बताना होगा, क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में लगभग दो हजार डॉलर खर्च किए हैं, तो यह एक बड़ी बात है। उन्होंने दो हजार डॉलर के लिए कुछ इंटरनेट विज्ञापन लिए। यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है।













स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426